● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 144, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 03 जुलाई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



आरक्षण पर अनुप्रिया के मुखर होने के आसार 5

विराट कोहली ने दिया पीएम मोदी को धन्यवाद 6



## विपक्ष की देश विरोधी साजिशों का जवाब दिया जाएगा : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर लोकसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर झूठ बोलने के आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष की देश विरोधी साजिशों का जवाब उसी की भाषा में दिया जायेगा। पीएम मोदी ने कहा कि वे राष्ट्रपति के भाषण के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए सदन में उपस्थित हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा जो पहली बार सांसद बनकर हमारे बीच आए हैं और उनमें से कुछ साथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। उनका व्यवहार ऐसा था, जैसे एक अनुभवी सांसद का होता है। उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है। पीएम मोदी ने कहा कि देश ने सफल चुनाव आयोजित कर दुनिया को दिखा दिया है कि ये सबसे बड़ा चुनाव था।



प्रधानमंत्री ने कहा मैं कुछ लोगों की पीड़ा समझ सकता हूं क्योंकि लगातार झूठ का प्रसार करने के बाद भी उनकी पराजय हुई। प्रधानमंत्री ने आगे कहा देश की जनता ने तीसरी बार हमें सेवा करने का अवसर दिया है। देश की जनता की भारतीय जनता पार्टी के 10 वर्ष के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा। पीएम मोदी ने कहा कि देश की जनता ने देखा है कि हमारा एकमात्र लक्ष्य भारत सर्वप्रथम है। उन्होंने कहा 'हमारा एक ही लक्ष्य रहा है कि 'भारत प्रथम'। हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। इस विचार को सर्वोपरि रखते हुए हमने देश की सेवा करने का प्रण लिया है। हम तुष्टिकरण नहीं बल्कि संतुष्टिकरण के विचार को लेकर चले हैं। पीएम मोदी ने कहा इस देश ने लंबे अरसे तक तुष्टिकरण की राजनीति भी देखी। जब हम संतुष्टिकरण की बात करते हैं तो इसका मतलब है कि आखिरी व्यक्ति तक लाभ पहुंचे। जब हम सैचुरेशन के सिद्धांत की बात करते हैं तो ये सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय होता है। इस पर देश की जनता ने हमें तीसरी बार चुनकर मुहर लगा दी है।

पीएम मोदी ने कहा 'इस चुनाव ने इस बात को सिद्ध किया है कि भारत की जनता कितनी परिपक्व है। उसी का नतीजा है कि आज तीसरी बार हम आपके सामने विनम्रतापूर्वक सेवा करने के लिए खड़ा हूं। आपने हमारी नीतियों को देखा है। हमारी नीयत को देखा है, देश की जनता ने उस पर भरोसा किया है। पीएम मोदी ने कहा देश जब विकसित होता है, तो करोड़ों लोगों के संकल्प सिद्ध होता है। जब देश विकसित होता है, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव, उनके सपनों को पूरा करने के लिए तैयार हो जाती है। आजादी के बाद मेरे देश का सामान्य नागरिक इन चीजों के लिए तरस रहा है। जब विकसित भारत होता है, तो गांव और शहरों की स्थिति में भी बहुत बड़ा सुधार होता है। दुनिया की विकास यात्रा मे भारत के गांव भी सहयोग देंगे।

पीएम मोदी ने कहा 2014 से पहले एक समय था जब बड़े बैंकों पर ताले लगाए जा रहे थे। 2014 के बाद नीतियों में परिवर्तन हुए, निर्णयों में गति देखने को मिली। दुनिया के अच्छे बैंकों में आज भारत के बैंकों का स्थान बन गया। 2014 से पहले एक वक्त था, जब आतंकी देश पर हमला करते थे। आज 2014 के बाद का हिंदुस्तान घर में घुसकर मारता है। एयर स्ट्राइक करता है, सर्जिकल स्ट्राइक करता है। 2014 से पहले जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकार छीन लिए गए थे। धारा 370 का वो जमाना था, सेनाओं पर पत्थर फेंके जाते थे। हम लोग निराश होकर कहते थे कि अब जम्मू-कश्मीर में कुछ नहीं हो सकता।

## हाथरस में सत्संग के बाद भगदड़, 122 की मौत

**एटा।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे के फुलरई गांव में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां भोले बाबा का सत्संग चल रहा था। बताया गया है कि सत्संग समाप्त होने के बाद यहां से जैसे भी भीड़ निकलना शुरू हुई तो भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में महिलाएं और बच्चे बुरी तरह कुचलते चले गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में कई लोगों की मौत होने की आशंका है। घायलों को मेडिकल कॉलेज एटा भेजा गया है, अब तक 27 लोगों की मौत की खबर है। जिनके शव एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जबकि कुल मृतकों की संख्या 120 बताई जा रही है। जिनके शव अलीगढ़ भेजे गए हैं। वहीं सीएम योगी ने भी हादसे का संज्ञान लिया है। एटा के एसएसपी राजेश कुमार सिंह के मुताबिक जिस वक्त भगदड़ हुई



उस समय हाथरस जिले के सिकंदराराऊ कस्बे में धार्मिक आयोजन चल रहा था। एटा अस्पताल में अब तक 27 शव आ चुके हैं, जिनमें 23 महिलाएं, तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। अभी घायल अस्पताल नहीं पहुंचे हैं। आगे की जांच की जा रही है। इन 27 शवों की पहचान की जा रही है। हादसे को अपनी आंखों से देखने वाली युवती ने बताया कि सत्संग में बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी। सत्संग समाप्त हुआ उसके बाद लोग वहां से जाने लगे। इसी दौरान निकलने की जल्दी में भगदड़ मच गई। लोग एक दूसरे को देख ही नहीं रहे थे। महिलाएं और बच्चे गिरते चले गए। भीड़ उनके ऊपर से दौड़ रही थी। कोई बचाने वाला नहीं था। चारों ओर चीख-पुकार मची हुई थी। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग के दौरान भगदड़ के दौरान कई लोग घायल हुए हैं।

## भाषण के हिस्से हटाने पर राहुल की स्पीकर को चिट्ठी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने लोकसभा के अपने भाषण के 5 से ज्यादा हिस्से सदन की कार्यवाही से हटाने को लेकर मंगलवार को स्पीकर को चिट्ठी लिखी। राहुल ने 1 जुलाई को राष्ट्रपति के अभिभाषण के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष के तौर पर पहला भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा, अल्पसंख्यक, नीट विवाद और अग्निपथ योजना जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा था।

2 जुलाई को लोकसभा स्पीकर के आदेश पर राहुल के बयान से इन सभी अंशों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया गया। इनमें हिंदुओं, नीट एग्जाम, पीएम नरेंद्र मोदी,भाजपा और आरएसएस पर किए गए कमेंट्स भी शामिल थे।

मंगलवार को संसद पहुंचने पर जब राहुल गांधी को यह बताया गया तो उन्होंने कहा- मोदी जी की दुनिया में सच्चाई मिटाई जा सकती है, हकीकत में सच को नहीं मिटाया जा सकता। बाद में उन्होंने लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखी। जिसमें उन्होंने बयान के अंश हटाना संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। साथ ही इन्हें री-स्टोर किए जाने की मांग की। राहुल गांधी ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के भाषण का हवाला दिया। उन्होंने लिखा कि उनका बयान आरोपों से भरा था, लेकिन हैरानी की बात है कि उसमें से केवल एक शब्द हटाया गया।

सभापति को सदन की कार्यवाही से कुछ टिप्पणियों को हटाने का अधिकार है, लेकिन शर्त केवल उन्हीं शब्दों की है, जिन्हें रूल्स ऑफ बिजनेस के नियम 380 में कोट किया गया है। मैं यह कहने के लिए मजबूर हूं कि हटाए गए अंश नियम 380 के दायरे में नहीं आते। मैं सदन में जो कहना चाहता था, वह जमीनी हकीकत और फैक्ट्स पर आधारित था।

## अंबानी परिवार ने करवाया सामूहिक विवाह

**नई दिल्ली।** भारत के बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी जल्द ही राधिका मर्चेंट से शादी करने वाले हैं। शादी की सभी तैयारियां लगभग हो चुकी हैं, जिसके लिए सोने-चांदी से बना वेडिंग कार्ड भी बंटना शुरु हो चुका है। अनंत-राधिका की शादी से पहले अंबानी परिवार ने एक सामूहिक विवाह करवाया है, जिसमें उन्होंने अपने खर्च पर एक बड़े स्तर पर गरीबों की शादी करवाई है। मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी भी पति आनंद पीरामल के साथ सामूहिक विवाह में शामिल हुईं।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट का सीबीआई को नोटिस

### 7 दिन में जवाब मांगा, शराब नीति केस में 3 दिन रिमांड में रखा था

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार (2 जुलाई) को सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने सीबीआई को नोटिस जारी कर 7 दिन में जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 17 जुलाई को होगी।

केजरीवाल की ओर से सोमवार (1 जुलाई) को याचिका दाखिल की गई थी। केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के 26 जून के उस आदेश को भी चुनौती दी है,



जिसके तहत उनको 3 दिन के लिए सीबीआई की रिमांड पर भेजा गया था। फिलहाल केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं।

सीबीआई केजरीवाल के खिलाफ शराब नीति केस में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले की जांच कर रही है। इस मामले में सीबीआई ने 26 जून को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। दिल्ली सीएम शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पहले से ही तिहाड़ में बंद हैं।

पहला पॉइंट, गिरफ्तारी की जरूरत है। सीबीआई का मुझे जून में गिरफ्तार करने का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि उनकी एफआईआर अगस्त 2022 की है। फिर अप्रैल 2023 में बुलाया गया। 9 घंटे तक पूछताछ की गई। उसके बाद से अब तक कुछ नहीं हुआ। 2022 की एफआईआर पर अप्रैल 2023 में पूछताछ हुई, फिर उन्हें जून 2024 में गिरफ्तार किया गया।

## पुणे में जीका वायरस के केस बढ़कर 6 हुए

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में जीका वायरस के मामले बढ़ते जा रहे हैं। 1 जुलाई को 2 प्रेग्नेंट महिलाओं में वायरस की पुष्टि होने के साथ, पिछले 11 दिनों में मरीजों की संख्या बढ़कर 6 हो गई है। ये दोनों नए केस एरंडवाने में मिले हैं।

21 जून को पुणे में जीका वायरस का सबसे पहला केस एक डॉक्टर में मिला था। इसके बाद उनकी 15 साल की बेटी भी संक्रमित मिली थी। दोनों उसी इलाके में रहते हैं, जहां 2 नए मामले मिले हैं।

## अर्थव्यवस्था पर आंकड़े छुपा रही सरकार, अब मनमर्जी नहीं, जनमर्जी चलेगी : अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही एक बार फिर मंगलवार को शुरू हुई। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। इस दौरान दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था पर आंकड़े छुपा रही है। अखिलेश यादव ने पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को बोलने का मौका देने पर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले उन सभी मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने लोकतंत्र को एकतंत्र बनाने से रोका। चुनाव के समय ऐसा कहा गया कि 400 पार पर समझदार जनता को फिर से धन्यवाद। उन्होंने कहा, आवाम ने तोड़ दिया हूकुमत का गुमार, दरवार तो लगा है, मगर बड़ा गमगीन बेनूर है और पहली बार ऐसा लग रहा है कि हारी हुई सरकार विराजमान है। जनता कह रही है कि चलने वाली नहीं, यह गिरने वाली सरकार है। क्योंकि ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं, अधर में जो लटकी, वो तो कोई सरकार नहीं।

## मुझे अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी : खड़गे

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के सातवें दिन (2 जुलाई) को राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी बहस हुई। खड़गे ने बहस के बीच धनखड़ से कहा कि मुझे कांग्रेस अध्यक्ष बनाने वाली सोनिया गांधी हैं, आप नहीं।

इसके जवाब में सभापति धनखड़ ने खड़गे से कहा कि आपको किसने बनाया, ये आप जाने, लेकिन आप हर बार चेयर को नीचा नहीं दिखा सकते। इस देश और संसदीय लोकतंत्र और राज्यसभा की कार्यवाही के



इतिहास में चेयर के प्रति इतनी अवहेलना कभी नहीं हुई, जितनी आपने की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी बोल रहे थे। इसी दौरान सभापति धनखड़ की मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद जयराम रमेश के साथ बहस हुई। धनखड़ ने कहा कि जयराम रमेश बार-बार उन्हें टोक रहे थे।

जब जयराम खुद बोलने के लिए खड़े हुए तो धनखड़ ने कहा, जयराम रमेश, आप समझदार हैं, आप प्रतिभासंपन्न हैं, गुणवान हैं, आपको तो तुरंत आकर खड़गे की जगह ले लेनी चाहिए क्योंकि आप खड़गे का ही काम कर रहे हैं।

इस पर खड़गे ने कहा, 'देखिए, ये वर्ण व्यवस्था जो आपके दिमाग में छपी हुई है, उसे यहां बीच में मत लाइए। इसी वजह से आप रमेश को समझदार और बुद्धिमान कह रहे हैं और मुझे बेवकूफ बता रहे हैं, ताकि वे मेरी जगह ले सकें।'

## शिक्षा और संस्थान के संस्कारों को हमेशा याद रखें विद्यार्थी : मंगुभाई

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा को ज्ञान आधारित बनाने के साथ सेवा, संस्कार और संवेदनशीलता के मूल्य केन्द्रित बनाना होगा। विद्यार्थी शिक्षा और संस्थान के संस्कारों को हमेशा याद रखें। माता-पिता के संघर्षों को नहीं भूलें और उनके योगदान का सम्मान करें और कृतज्ञ रहें। श्री पटेल आई.ई.एस. ग्रुप के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उपस्थित जनों और विद्यार्थियों को एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़ने की अपील भी की। इस अवसर पर कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल मौजूद थे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में समर्थ, सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन किया गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के व्यावसायिक और व्यावहारिक पक्षों में समन्वय जरूरी है। संस्थान को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप भावी पीढ़ी को तैयार करना होगा। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न आयामों को प्रभावी रूप से लागू करना होगा।

## यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में चिराग पासवान की बढ़ी मुसीबत!

**नई दिल्ली।** बिहार के हाजीपुर लोकसभा सीट से सांसद व लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान की सांसदी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने याचिका कर्ता को फटकारते हुए कहा कि यह याचिका यहां क्यों दायर की। इसको पटना हाईकोर्ट में दायर करना चाहिए। इस मामले 28 अगस्त को सुनवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने वकील से कहा कि इस हाईकोर्ट में यह मामला कैसे चल सकता है? चिराग पासवान का संसदीय क्षेत्र बिहार में है। आपको इस याचिका को पटना हाईकोर्ट में दाखिल करना चाहिए। याचिकाकर्ता ने कहा कि चुनाव के समय चिराग पासवान ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन उसमें उन्होंने अपने अपराध के बारे में जानकारी नहीं दी थी।

## मानसून पूरे भारत में समय से 6 दिन पहले पहुंचा

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून मंगलवार (2 जुलाई) को पूरे देश में पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभागने बताया कि मानसून आज राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसने तय समय से छह दिन पहले सभी राज्यों को कवर कर लिया है। आमतौर पर यह 8 जुलाई को पूरे भारत को कवर करता है।

आईएमडी ने सोमवार (1 जुलाई) को बताया था कि देश में इस साल जुलाई में 106% बारिश हो सकती है। भारी बारिश से पश्चिमी हिमालयी राज्यों (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड) और देश के मध्य भागों (मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़) में नदी घाटियों में बाढ़ आने की संभावना है। इस साल जून में 10.9त्न बारिश की कमी दर्ज हुई है। सामान्य रूप से 165.3 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन 30 जून तक केवल 147.2 मिमी बारिश दर्ज हुई। 8 से 26 जून के बीच लगातार सामान्य से कम बारिश हुई।

खासतौर पर 10 से 18 जून के बीच बारिश में भारी कमी रही। 19 जून से बारिश में सुधार आया। आखिरी चार दिन देश में भारी बारिश हुई, जिसके चलते 26 जून को बारिश में जो 20% की कमी थी, 30 जून को वह केवल 10.9% रह गई।

महाराष्ट्र में 29 जून से 1 जुलाई तक 8 लोगों की डूबने से मौत हो गई। 1 जुलाई को कोल्हापुर स्थित कलम्मावाडी बांध में दूधगंगा नदी बेसिन में दो युवक डूब गए। इनमें एक युवक का शव मंगलवार (2 जुलाई) को मिला।

## सभी विभागों को जनता के प्रति अधिक जवाबदेह बनाना हमारा लक्ष्य : डॉ. यादव

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी विभागों को जनता के प्रति अधिक से अधिक जवाबदेह बनाना हमारा लक्ष्य है। जनता के प्रति अधिक पारदर्शी एवं जवाबदेह कार्य प्रणाली को अपनाते हुए लोक कल्याण के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की दृष्टि से लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार लोकपथ मोबाइल ऐप का लोकार्पण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विधानसभा भवन स्थित मीडिया सेंटर में मोबाइल ऐप- लोक पथ के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह उपस्थित थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की 40 हजार किलोमीटर लंबी सड़कों में आवश्यकतानुसार ऐप से त्वरित रूप से सुधार संभव होगा। विभाग के लिए 7 दिन में सुधार करना चुनौती पूर्ण और साहस का कार्य है। यह विश्वास है कि विभाग नवीनतम तकनीक का उपयोग करते हुए इस नवाचार को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में सफल होगा। यद्यपि अधिक वर्षा, जल भराव और भारी वाहनों के अधिक आवागमन से सड़कों का क्षतिग्रस्त होना स्वाभाविक है, परंतु विभाग का यह प्रयास होना चाहिए कि सड़कों में गड्ढे हो ही नहीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया के साथियों से इस ऐप की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। लोकपथ मोबाइल ऐप सड़क सूचना एवं प्रबंधन प्रणाली के सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

मोबाइल ऐप से आमजन को मार्गों की समस्या बताने की सुविधा मिलेगी और अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। लोकपथ मोबाइल ऐप मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम लिमिटेड द्वारा तैयार किया गया है। लोकपथ मोबाइल ऐप को लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट पर जाकर डाउनलोड कर इंस्टॉल किया जा सकता है। मोबाइल फोन में ऐप को खोलकर ऐप में रजिस्टर्ड सड़कों के पॉट होल / पेच का फोटो लेकर डालने पर शिकायत निराकरण के लिए सीधे संबंधित अधिकारी को पहुंच जाएगी। अधिकारी द्वारा सात दिवस की समय सीमा में इस पॉट होल/पेच का सुधार कार्य कर ऐप से निराकरण दर्ज किया जाएगा, जिसकी सूचना मोबाइल पर शिकायतकर्ता को प्राप्त हो जाएगी।

लोक निर्माण विभाग के अधीन प्रदेश के समस्त मरम्मत योग्य राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, मुख्य जिला एवं अन्य जिला व ग्रामीण मार्ग सम्मिलित रहेंगे। यह योजना दो चरणों में लागू की जाएगी। प्रथम चरण मंगलवार 2 जुलाई से आरंभ किया जा रहा है। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग और मुख्य जिला मार्ग शामिल रहेंगे। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में सम्मिलित मार्गों के साथ शेष अन्य जिला एवं ग्रामीण मार्गों को शामिल किया जाएगा।

# प्रभावी हुए नए आपराधिक कानून को लेकर मोरवा पुलिस ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**सिंगरौली।** देश में आज से तीन नए आपराधिक कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एवं भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू हो गए हैं। सिंगरौली जिले में इसे लेकर सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन पर सभी थानों द्वारा जन जागरूक कार्यक्रम चलाकर लोगों को नए कानून के विषय में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इसी के तहत शुक्रवार देर शाम मोरवा निरीक्षक कपूर त्रिपाठी द्वारा एनसीएल स्थित आधिकारिक मनोरंजन ग्रह में जन जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पहुंचे सिंगरौली व गोरबी के गणमान्य नागरिक एवं आम जन को नए कानून के विषय में विस्तृत जानकारी के लिए बतौर मुख्य बैढन कोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश वारीन्द्र कुमार तिवारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के तौर पर सिंगरौली जिले के पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य समेत एनसीएल के विधि विभाग से उप महाप्रबंधक आशुतोष पांडे उपस्थित रहे। यहां उपस्थित लोगों को अतिरिक्त न्यायाधीश श्री तिवारी ने इस नए कानून की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा नागरिक और पीड़ित को इस नए कानून की मदद से व्यक्तिगत और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देना मकसद है। ताकि सभी के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने कहा कि इस कानून की मदद से कोई भी व्यक्ति किसी भी जगह पर एफआईआर दर्ज करवा सकता है। इसके साथ ही ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करा सकता है। शून्य प्राथमिकी (जीरो एफआईआर) को लेकर के यह बड़ी राहत और सुविधा प्रदान की गई है। इस नए कानून के तहत घटना क्षेत्र की पुलिस द्वारा पीड़ित को 90 दिनों के अंदर जांच की प्रगति रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही सात दिनों के अंदर चिकित्सक भी इसकी मेडिकल रिपोर्ट भेजेंगे। इसके साथ-साथ ही महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध से निबटने के लिए 37 धाराओं को शामिल किया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी को आजीवन कारावास और मृत्युदंड होगा। यही नहीं, झूठे वादे और नकली पहचान के आधार पर यौन शौषण करना आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आएगा। अतिरिक्त न्यायाधीश वारीन्द्र कुमार तिवारी ने आगे बताया कि नया आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से लागू किया गया है। इसके तहत अधिकांश आपराधिक अनुसंधान की पद्धति में भी बदलाव किया गया है। सेमिनार में पुलिस अधिकारियों विवेचकगणों को विवेचना से संबंधित प्रक्रियात्मक जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही वहाँ उपस्थित आम जन को आस्वस्त किया गया कि इस नए कानून की मदद से आम लोगों को बड़ा सहारा और समय से न्याय मिलेगा।

## कलेक्टर के निर्देशन में बिना मापदण्ड के स्कूल में संचालित बसो पर की गई बड़ी कार्यवाही

**सिंगरौली।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्कूलो में संचालित सभी बसो में निर्धारित किये गये मापदण्ड के अनुसार संचालित किया जाना है। इसी तारतम्य में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के निर्देशन मे जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर के द्वारा आज स्कूलो में संचालित बसो का विशेष अभियान चलाकर जॉच की कार्यवाही की गई। जिसमें 10 बसो में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप पेपर नही मिले जिन्हे जंप्त किया गया। वही दो बसो पर 6 हजार की चालानी कार्यवाही की गई। कलेक्टर के द्वारा स्कूलों में लगी हुई बसो के आपरेटरो सहित सभी विद्यालयों के प्राचार्यो को इस आशय के निर्देश दिये गये है कि शासन द्वारा निर्धारित किये गये मापदण्ड के अनुसार ही बसो का संचालन कराया जाये। यदि जॉच के दौरान मापदण्ड अनुरूप बसो को संचालन नही पाया गया तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। साथ ही जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये है कि निरंतर अभियान चलाकर स्कूलो में संचालित बसो की जॉच कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। चेकिंग के दौरान जिला परिवहन अधिकारी सहित ओम तिवारी सहित अन्य अमला उपस्थित रहा।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा उत्साह के साथ मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस




**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा उत्साह के साथ राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस दिनांक 01.07.2024 को मनाया गया। इस अवसर पर विंध्य अस्पताल में अपनी विशिष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले डॉक्टरों को सम्मानित किया गया। जहां देश भर में डॉक्टरों के योगदान को सम्मान देने के लिए भारत में हर वर्ष 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है।यह दिवस पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्र के सबसे लोकप्रिय डॉक्टरों में से एक डॉ बिधानचंद्र रॉय की जन्मतिथि के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर विंध्य अस्पताल के डॉक्टरों ने डॉ बीसी रॉय के महान योगदान को याद किया, तथा उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। डॉ बीसी रॉय ने पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री के रूप में भी काम किया। इस वर्ष चिकित्सक दिवस का थीम समानुभूति थी। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने इस अवसर पर विशेष रूप से डॉक्टरों की निस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए डॉक्टरों के प्रति आभार व्यक्त किया। हाल ही में आए चुनौतीपूर्ण स्थितियों को सावधानी से नियंत्रित करने की प्रशंसा की तथा मरीजों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाने पर जोर दियासाथ ही इस बात पर जोर दिया कि मरीज के इलाज के लिए भरोसा बहुत जरूरी है। फणि कुमार नें मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य महा प्रबन्धक (चिकित्सा)डॉ बीसी चतुर्वेदी और अस्पताल के अन्य सभी डॉक्टरों से ईमानदारी और परिश्रम के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन जारी रखने का आग्रह कियाऔर डॉक्टर्स डे के महत्व पर प्रकाश डाला। इस सामरोह में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार एवं मुख्यमहाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा,मुख्य चिकित्साधिकारी एवं मुख्य महा प्रबन्धक (चिकित्सा)डॉ बीसी चतुर्वेदी एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा केक काटकर सम्मानित किया गया। मेडिकल क्विज भी आयोजित किया गया जिसमें लोगों के बढ़ चढ़ कर भाग लिया और डॉ. यदु कृष्णन (जीडीएमओ) ने गाना भी गया ।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कि गई जनसुनवाई

### पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियों को कार्यवाही के दिये निर्देश



**सिंगरौली।** श्रीमती निवेदिता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान पी.एस. परस्ते, नगर पुलिस अधीक्षक विध्यनगर, ज्ञानेन्द्र सिंह थाना प्रभारी नवानगर, श्रीमती अर्चना दिवेदी थाना प्रभारी विंध्यनगर, श्रीमती प्रिंयका शर्मा महिला थाना प्रभारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई श्रीमती निवेदिता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जिला सिंगरौली के द्वारा आयोजित की गई जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने श्रीमती अर्चना दिवेदी, थाना प्रभारी विंध्यनगर एवं श्रीमती प्रियंका शर्मा, महिला थाना प्रभारी से शिकायतो की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

### नया भारत नया विधानः शॉर्ट फिल्म, प्रेजेंटेशन, बैनर, फ्लेक्स पंपलेट के माध्यम से किया जा रहा जागरूक

# समस्त थाना चौकी क्षेत्रो में आयोजित किये जा रहे जन जागरुकता अभियान कार्यक्रम



**सिंगरौली।** देशभर में 1 जुलाई से तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गये है। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ नागरिक भी नए कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें, इसके लिए मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकृत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब पर एनिमेशन वीडियो और शॉर्ट फिल्म अपलोड की गई हैं। इसके अलावा सिंगरौली पुलिस के अधिकृत सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी जागरूकता संबंधी पोस्ट की जा रही हैं। सभी थानों में पोस्टर एवं बैनर लगाए गए हैं, जिसमें नए कानूनों को समझाया जा रहा है। जिले में मुख्यालय, अनुभाग, थानों, चौकी में वेबीनार एवं सेमिनार के माध्यम से पीड़ितों को सुलभ और तुरंत न्याय दिलाने के लिए जिले के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है। थाना प्रभारी, अनुसंधानकर्ता, ऑपरेटर के प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर भी नियुक्त किये गए थे। पुराने कानूनों के आधार पर विवेचना करते आए अधिकारियों और कर्मचारियों को नए कानूनों से अवगत कराने के लिए प्रशिक्षण शालाओं, सेमिनारों और कार्यशालाओं का आयोजन जोन से लेकर थाना एवं चौकी स्तर तक किया गया। पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश पुलिस की अध्यक्षता में नवीन अपराधिक अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रदेश स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी आयोजित की जाती रही है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया में प्रकाशन एवं प्रसारण हेतु सिंगरौली पुलिस द्वारा जनसंदेश भी जारी किया गया है। साथ ही नवीन अपराधिक अधिनियम में जागरूकता हेतु जनसंवाद के कार्यक्रम समस्त थाना चौकीयो में आयोजित किये जा रहे है।कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा थाना कोतवाली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर उपस्थित लोगो को नया भारत नया विधान के बारे में पूरी जानकारी दी और उपस्थित गणमान्य नागरिको की जिज्ञासाओं का समाधान किया।

# कलेक्टर ने की 165 आवेदन पत्रो में जन सुनवाई

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रो का तत्परता से निराकरण करे अधिकारी : शुक्ला




**सिंगरौली।** कलेक्ट्रेट सभागार मे मंगलवार को आयोजित होने वाली जल सुनवाई में जिले के विभिन्न अंचल से आये 165 आवेदको ने जन सुनवाई कर रहे कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुये अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। कलेक्टर द्वारा सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुये कई आवेदको की समस्याओ को जन सुनवाई में उपस्थित अधिकारियो से त्वारित निराकरण कराया गया। तथा ऐसे आवेदक जिनके आवेदनो का जन सुनवाई के दौरान निरारकण नही किया जा सका संबंधित अधिकारी की ओर भेजते हुये तय समय सीमा में आवेदन पत्रो का निराकरण करने का निर्देश दिया गया। जन सुनवाई मे कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर आमजनों के आवेदन पत्रों का तत्परता से निराकरण करें। मुख्यालय के एसडीएम और तहसीलदार जन सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर अरविंद झा, सयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय ,एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग संजय खेडकर, उपायुक्त नगर निगम आरपी बैस सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## व्हीव्हीपीएटी मशीनो में लगे थर्मल पेपर एवं रोल खोले जाने के निर्देश

**सिंगरौली।** अपर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान व्हीव्हीपीएटी में लगे थर्मल पेपर रोल एवं एड्रेस टेग निकालने के निर्देश दिये गये है। उक्त कार्य 3 जुलाई 2024 को प्रात: 10 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस मे किया जाना है। उन्होंने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो से आग्रह किया है कि 3 जुलाई 2024 को प्रात: 10 बजे उपस्थित होने का काष्ट करे।

# एनसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का हुआ समापन

**सिंगरौली।** मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड के मुख्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा 2024 का समापन हुआ। अधिकारी क्लब, सिंगरौली में आयोजित मुख्यालय स्तरीय समापन समारोह के दौरान उप-महाप्रबंधक (कार्मिक) राजेश चौधरी बतौर मुख्य अतिथि एवं उप-महाप्रबंधक (कार्मिक) विक्टर कूजुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय स्तरीय श्रमिक संघ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में राजेश चौधरी ने उपस्थित सभी से स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान किए गए कार्यों को आदत के रूप में ढालने का आह्वान किया। साथ ही उन्होनें स्वच्छता पखवाड़ा को एक दिन का विषय न बनाकर स्वच्छता को अपने दैनिक क्रियाकलापों में शामिल करने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त श्री चौधरी ने एकल प्रयोग प्लास्टिक की रोकथाम हेतु जूट के बने थैलों का प्रयोग करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एनसीएल मुख्यालय परिसर को साफ सुथरा रखने वाले स्वच्छता -सिपाहियों को भी सम्मानित किया गया। एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा प्रतिवर्ष कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष यह पखवाड़ा 16 जून से 30 जून 2024 तक मनाया गया। इस दौरान कंपनी में वृहद स्तर पर स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों जैसे एकल प्लास्टिक की रोकथाम, बेहतर कचरा प्रबंधन, कूड़े हेतु डस्ट्बिन का प्रयोग, कार्यालय एवं आस-पास के क्षेत्र की साफ-सफाई, कॉटन व जूट के थैले के प्रयोग को बढ़ावा, साफ एवं शुद्ध पानी का उपयोग, स्वच्छता जागरूकता रैली इत्यादि का आयोजन किया गया।

# सत्र-23-24 का एनआरएलएम के स्व सहायता समूह द्वारा शत प्रतिशत गणवेश वितरण का कार्य पूर्ण

**सिंगरौली।** प्रभारी एनयूएलएम कृष्णा पटेल ने बताया कि गणवेश वितरण शैक्षणिक सत्र 23-34 में शासकीय शालाओं हेतु स्व सहायता समूह के माध्यम से गणवेश सिलाई का कार्य किया जाना था। राज्य शिक्षा केन्द्र से प्राप्त निर्देशानुसार स्व सहायता समूह के माध्यम से गणवेश वितरण का कार्य पोर्टल के माध्यम से किया जाना था जिसकी मानिटरिंग राज्य शिक्षा केन्द्र के माध्यम से किया जाना था। उन्होंने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 23-24 में कुल छात्र छत्राओं को दो जोडी गणवेश राशि 600 रूपयें में स्व सहायता समूह के माध्यम से की जानी थी गणवेश की राशि 75 प्रतिशत राशि अग्रिम के रूप में राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा सीधे समूहों संगठनो को प्रदाय की गई थी। उन्होंने बताया कि एनआरएलएम द्वारा पंजीकृत स्व सहायता समूह द्वारा कुल 139930 गणवेश व दो जोडी 279860 गणवेश दो जोडी वितरित किया जाना था जिसमें बैढन विकासखंड में 84310 विकासखंड चितरंगी में 104286 विकासखंड देवसर में 91264 गणवेश वितरित किया जाना था जिसमें से विकासखंड बैढन में 84310 विकासखंड चितरंगी में 104286 विकासखंड देवसर में 91264 कुल 279860 गणवेश स्व सहायता समूह के माध्यम से वितरित किया गया है। जिसका सत्यापन एवं पावती अपलोड एमशिक्षा मित्र के माध्यम से जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से किया जाना है जिसका 88 प्रतिशत सत्यापन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि एनयूएलएम के माध्मय से सत्र 23-24 में शासकीय शालाओं में 18304 गणवेश का वितरण शहरी क्षेत्र में किया जाना था जिसमें राज्य स्तर से 52 स्व सहायता समूह का चयन किया गया था जिसमें राशि अप्राप्त होने पर गणवेश वितरण का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। 9152 छात्र छात्राओ को गणवेश वितरण कार्य किया जाना था। मिलाई के कार्य से समूह की महिलाये सशक्त एवं आर्थिक, सामाजिक रूप से मजबूत बन रही है। सत्र 24-25 हेतु गणवेश वितरण के सम्बन्ध में राज्य शासन द्वारा कोई निर्देश प्राप्त नही हुये है। छात्र छात्राओ को गणवेश वितरण हेतु जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान द्वारा पत्राचार किया जा रहा है। जल्द ही नये निर्देश प्राप्त होने पर गणवेश वितरण का कार्य पूर्ण किया जावेगा।

# कंपनी के इशारे पर काम कर रहा जिला प्रशासन : भास्कर

### प्रेसवार्ता आयोजित कर कंपनी प्रबंधन व जिला प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप



**सिंगरौली।** सुलियरी कोल माइंस के विस्थापितों द्वारा आज मंगलवार को एक निजी होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया । जहां विस्थापितों का साथ दे रहे कांग्रेस प्रदेश सचिव भास्कर मिश्रा ने प्रेंसवार्ता के दौरान कंपनी प्रबंधन व जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि एपीएमडीसी व अदाणी के इशारे पर सिंगरौली का जिला प्रशासन काम कर रहा है। कंपनी प्रबंधन के द्वारा जो निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को मिलता है,वहीं काम जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी विस्थापितों के साथ करते आ रहे हैं। बताते चले कि विस्थापितो के द्वारा लगातार जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग रखी लेकिन आज दिन तक विस्थापितों की समस्याओं का कोई हल नही निकला। कंपनी प्रबंधन जिला व पुलिस प्रशासन को आगे कर विस्थापितों के साथ लगातार अन्याय करते आ रही है,वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार विस्थापितों को धमकी भी दी जा रही है। कांग्रेस प्रदेश सचिव ने आरोप लगाते हुए बताया कि अभी हाल में ही डोंगररी में चले रहे धरना प्रदर्शन में कंपनी प्रबंधन के इशारे पर काम कर रही जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा विस्थापितों के साथ बर्बरतापूर्वक व्यवहार करते हुए लाठीचार्ज किया गया। साथ ही आठ लोगो को गिरफ्तार कर मुकदमा कायम कर दिया गया। ऐसे में साफ प्रतीत होता है कि जिला प्रशासन पूरा कंपनी के इशारे पर काम कर रही है। आगे बताया कि कंपनी के इशारे पर जिला प्रशासन द्वारा देवी सिंह सरपंच मझौली पाठ को धाग्र 40 की नोटिस भेज दी गई जबकि मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम में साफ तौर पर कहा गया है कि सरपंच एक जनप्रतिनित होता है और अपने पंचायत की जनता की हर समस्या के समाधान हेतु उनकी अगुवाई कर सकता है या उनके साथ खड़ा हो सकता है । इतना ही नहीं जिन आधार पर धारा 40 लगाने की धमकी दी गई है। वहीं दीपेंद्र शाह एक महत्वपूर्ण विस्थापित नेता है जो की लगातार आंदोलन को गति दिए हुए हैं। इसी वजह से 2013 में चालू किए गए भूमि अधिग्रहण और अधिग्रहण की संपूर्ण प्रक्रिया समाप्त होने के बावजूद अवार्ड घोषित किए जाने और शेष संपत्तियां जो की अवार्ड में शामिल होना चाहिए था कलेक्टर सिंगरौली के निर्णय के मुताबिक एस 9 बना कर दिए जाने के लिए संपूर्ण प्रक्रिया की समाप्ति के बावजूद अब नवी के लिए नोटिस दी गई है जो की पूरी तरीके से अवैधानिक है यहां तक की सरकार के नियमानुसार 15 जून तक के बाद नापी भी नहीं की जा सकती इसके बावजूद इनके जमीन और परिसंपत्तियों के नापी के लिए टीम भेज दी गई।

# जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत ने सुनी 210 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

## ठाकुरदीन साहू ट्राई साईकिल मिलने से बेहद खुश दिखे





**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 210 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में नगर पालिका परिषद सीधी के वार्ड 23 से आये ठाकुरदीन साहू ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि पोलियो के कारण उनके दोनों पैरों विकलांग जिसके कारण वे चलने में असक्षम है। उन्हें घर में या कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होंने बताया कि 4 साल पहले ट्राई साइकिल मिली थी लेकिन उसकी हालत काफी जर्जर हो गई है जिसके कारण समस्या हो रही है। उन्होने कहा कि यदि उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगें और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी।

उक्त आवेदक की शारीरिक स्थिति को देखते हुए सीईओ जिला पंचायत ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें सहायक उपकरण प्रदान कराए। जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित निराकरण होने से आवेदक बहुत खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# जिले में औसत वर्षा 111.6 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा रामपुर नैकिन में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 02 जुलाई को सीधी जिले में 46.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 22.0 मि.मी., चुरहट में 27.8 मि.मी., गोपद बनास में 55.2 मि.मी., सिहावल में 74.8 मि.मी., बहरी में 60.0 मि.मी., मझौली में 34.0 मि.मी. और कुसमी में 50.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 111.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 02 जुलाई तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 166.1 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 37.8, गोपद बनास में 100.4, सिहावल में 99.2, बहरी में 103.4 मझौली में 108.0 मि.मी. और कुसमी में 166.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 114.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 2.5 मि.मी. औसत वर्षा कम हुई है।

# विकासखंड मझौली में शिक्षा विभाग की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**सीधी।** सीएम राइज विद्यालय मझौली के सभागार में एक जुलाई को जिला परियोजना समन्वयक श्री राजेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप नामांकन, कक्षोंन्नति, मैपिंग, पुस्तक रिसीविंग एवं वितरण, प्रशस्ति एप में छात्रों का पंजीयन, एनआईएलपी एप में असाक्षरों का पंजीयन, जून 2024 का खाद्यान्न उठाव, 15544 में एमडीएम एसएमएस, वृक्षारोपण, शाला भवन की स्थिति, पेयजल, विद्युतीकरण, शाला त्यागी बच्चों की जानकारी, ओलंपियाड, एनएमएमएस, एनएएस परीक्षा की तैयारी, निःशुल्क सायकिल वितरण सत्र 2023 - 24 जारी राशि के अंतरण की स्थिति तथा सायकिल क्रय उपरांत चेचिस नंबर जमा करनें की स्थिति, कक्षा 1,2 के छात्रों का पंजीयन/सत्यापन, अध्यापन कार्य आदि की समीक्षा की गई।

जिला परियोजना समन्वयक श्री तिवारी द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने हेतु गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तथा अध्यापन कार्य पर सर्वाधिक जोर दिया गया। कक्षा में शिक्षक बच्चों के बीच सक्रिय रहकर उत्तम अध्यापन कार्य करने, समय से समय तक शाला संचालित करने, शाला तथा शाला परिसर सदा स्वच्छ रखने, कक्षा 5वीं, 8वीं के अच्छे रिजल्ट हेतु शुरू से ध्यान देने पर विशेष रूप से जोर दिया गया। एनएमएमएस, एनएएस एवं ओलंपिओड परीक्षा की तैयारी किये जाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए लक्ष्य निर्धारित कर अधिक से अधिक छात्रो का पंजीयन कर सफलता प्राप्त करने हेतु सुझाव दिए गए। जिस शाला भवन की स्थिति ठीक नही है, उन शाला भवनों में कक्षाएं संचालित नही किये जाने के निर्देश दिए गए और निर्देशित किया गया कि नजदीकी शासकीय भवन में ही शाला संचालित करे, किसी भी स्थिति में छात्रो की सुरक्षा करना हमारी प्राथमिकता है। सभी जनशिक्षकों को प्रतिदिन कम से कम 3 विद्यालय का अवलोकन करनें हेतु निर्देशित किया गया। डीपीसी द्वारा भविष्य में शैक्षणिक कार्य में लापरवाही करने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्री रामकृष्ण तिवारी तथा सह जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्री पंकज पाण्डेय द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत जानकारी प्रदान की गई तथा प्रत्येक शाला प्रभारी को अपने बसाहट क्षेत्र में घर- घर जाकर असाक्षरों का चिन्हांकन करने, साक्षरता पंजी संधारित कर असाक्षरों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में दर्ज करने एवं एनआईएलपी एप में समस्त असाक्षरों का शत प्रतिशत पंजीयन करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में बीआरसीसी मझौली श्री अयोध्या प्रसाद पटेल, बीआरसीसी सीधी विनय मिश्रा एवं सी एम राइज मझौली के प्राचार्य श्री किशन लाल विश्वकर्मा द्वारा भी सभी संस्था प्रमुखों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री चंदेश्वरी प्रसाद तिवारी बीएसी द्वारा किया गया। बैठक में सभी एकीकृत हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, माध्यमिक शाला के प्रधानाध्यापक, समस्त बीएसी, सीएसी, एमआरसी एवं एसई उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक कहना, करोड़ों हिंदुओं का अपमान: डॉ राजेश



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान हिंदुओं को हिंसक कहने के बयान को करोड़ों हिंदुओं का अपमान बताया है। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा व्यक्त किए गए विचार, वास्तव में यही विचार कांग्रेस के हैं। क्योंकि कांग्रेस की स्थापना ही अंग्रेजो द्वारा की गई थी। सांसद डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना अंग्रेजों के शासनकाल में 28 दिसंबर 1885 को ए ओ ह्यूम नामक अंग्रेज ने किया था। जिसे भारत की मिट्टी से, संस्कृति से, मान बिंदुओं से कोई लेना-देना नहीं था।

सांसद डॉक्टर मिश्रा ने राहुल गांधी के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और करोड़ों करोड़ों भारतीयों की आस्था को चोट पहुंचाने वाला बताया है। डॉक्टर मिश्रा ने कहा कि मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान की घोर निंदा और कठोर शब्दों में भर्त्सना करता हूं।

# दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में आरोपी को आजीवन कारावास एवं पचास हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा

**सीधी।** बताया गया कि दिनांक 13.08.2021 को अभियोक्त्री की माँ ने पुलिस चौकी मड़वास में रिपोर्ट लेख कराई कि करीब 02 माह पूर्व एक रात वह अपने तीनों बच्चों को लेकर सो रही थी, सुबह उठकर देखी कि उसकी पुत्री अभियोक्त्री का बिस्तर खून से लथपथ था, उसके पूछने पर अभियोक्त्री बताई कि उसका चाचा आरोपी उसे झाड़ू लगाने को अपने घर बुलाया, उस समय घर में कोई नहीं था, आरोपी उसे पकड़ कर कमरे में ले गया और उसके कपडे उतार कर उसके साथ बलात्कार करने लगा, जब वह रोने चिल्लाने लगी तो उसका मुंह दबा दिए और बोला कि यदि वह रोयेगी तो मार डालेगा, तब वह डर के कारण घटना किसी को नहीं बताई। फिर अगले दिन उसे अपने साथ गौशाला ले गया और वहां भी उसके साथ बलात्कार किया और उसे बहुत डांटा और बोला कि किसी को बताएगी तो उसे जान से मार डालेगा, तब वह डर के कारण किसी को नहीं बताई। आरोपी उसका देवर था, इस कारण से उसके घर वाले उस पर दबाव बनाए थे कि रिपोर्ट मत करो,किंतु उसकी लडकी की तबीयत खराब होती गई, इसलिए वह घटना की सूचना पुलिस को दी है। अभियोक्त्री की माँ की उक्त सूचना पर पुलिस चौकी मड़वास में देहाती नालिसी तैयार की गई। थाना मझौली में असल अपराध क्र. 0775/2021 अंतर्गत भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 376क्क 376(2) (च), 376(2)(ड़), 506, एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 5ढ्ढ, 5ठ्ठ, 5द्य/6 का अपराध पंजीबद्ध किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। मौका नक्शा तैयार किया गया। पीड़िता एवं अन्य साक्षियों के कथन लेखबद्ध किए गए। पीड़िता एवं अभियुक्त का मेडीकल परीक्षण कराया गया। अभियोक्त्री का मिश्रा नर्सिंग होम में किए गए ईलाज के दस्तावेज प्राप्त किए गए एवं अभियोक्त्री का ईलाज श्यामशाह मेडीकल कॉलेज, रीवा में भी कराया गया, जहां से ईलाज के दस्तावेज प्राप्त किए गए। विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 376क्क 376(2) (च), 376(2) (ड़), 506, 326 एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 5ढ्ढ, 5ठ्ठ, 5द्य/6 के अन्तर्गत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन सत्र प्र. क्र. 112/21 में शासन की ओर से शसक्तस पैरवी करते हुए जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त को धारा 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास एवं 50,000/- रू. अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया। साथ ही अर्थदण्ड की कुल धनराशि रूपये 50,000/- रूपये अभियोक्त्री को धारा 357(1)(बी) द.प्र.स. के प्रावधानों के अनुसार अपील अवधि पश्चात् अपील न होने की स्थिति में अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किये जाने का भी आदेश पारित किया गया। इसके अतिरिक्त अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में तीन लाख रूपये दिलाये जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

# कुलपति ने पीएचडी स्वीकृत कर बघेली का मान बढ़ाया

## डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस का व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर शोध स्वीकृत

**सीधी।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के विद्वान एवं संवेदनशील कुलपति प्रो राजकुमार आचार्य ने बघेलखण्ड की बोली और साहित्य की महत्ता को संज्ञान में लेकर बघेली भाषा साहित्य का मान बढ़ाकर रचनाकारों को प्रोत्साहित करने का अनुकरणीय निर्णय लिया है। बता दें कि 27 जून को रीवा में आरडीसी थी जिसमें शोधार्थी गीतांजलि शुक्ला पत्नी प्रो अजीत मिश्रा का विषय बघेली कवि डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस का व्यक्तित्व एवं कृतित्व चयनित कर लिया गया है। यह शोध कार्य डॉ अनुराग मिश्रा प्राध्यापक एपीएसयू रीवा के निर्देशन में लिखा जाना है। उक्त खबर से पूरे बघेलखण्ड के साहित्यकारों विशेष रूप से बघेली रचनाकारों में एक खुसी की लहर उठ आई है। सबने अपने अपने शब्दों से कुलपति जी को धन्यवाद एवं अध्येय कवि डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस तथा शोध निदेशक डॉ अनुराग मिश्रा को बधाई देकर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया है। अभी तक बघेलखण्ड सहित प्रदेश से जिनकी बधाइयाँ आई हैं उनमें से चालिस पचास नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। सीधी से लालमणि सिंह अधिवक्ता, डॉ चन्द्रिका प्रसाद मिश्र विद्याभारती नासिक, सी.एल.



मिश्र साहिल चिरमिरी छत्तीसगढ, सौम्या मिश्रा संपादक युगधारा फाउंडेशन मासिक पत्रिका लखनऊ, प्रो प्रणय पूर्व प्राध्यापक चित्रकूट, गीत कवि अंजनी सिंह सौरभ, डॉ छगनलाल गर्ग विज्ञ अध्यक्ष सोमालोब प्रान्तीय इकाई राजस्थान, डॉ शिवमोहन सिंह देहरादून, प्रोफेसर सूर्यनारायण गौतम वेदाचार्य रीवा, सुधाकांत मिश्र बेलाला रीवा, भृगुनाथ पाण्डेय भ्रमर रीवा, सूरज साहू नील उमरिया, शिवपाल तिवारी शहडोल, सत्यनारायण पाण्डेय सत्य वनारस, सीताशरण गुप्त सतना, डॉ एल.के. मिश्रा पूर्व महासचिव विद्युत संघ, नर्मदा प्रसाद मिश्र नरम शिक्षाविद छत्तीसगढ, आंचलिक साहित्यकार रमाकांत द्विवेदी सावन, डॉ राजकरण शुक्ल राज, डॉ शिवार्चन शुक्ल मधुर, प्रांजल विनय मिश्र, हरिविलास गुप्त हरि, राजबहोर पाठक मनोज, शत्रुहन शुक्ला प्रखर, ब्रजमोहन योगी ब्रजेश, भीमसेन त्रिपाठी भावेश, राजेन्द्र मिश्र राजन, भास्कर मिश्र भारत, कमलेश कुमार कायल, अजीता दिवेदी, विजय सिंह परिहार पूर्व प्रान्तीय अध्यक्ष, शिवकुमार शिव शंकर प्रसाद तिवारी सजल रीवा, रामसुख मिश्र सफाया रीवा, कुंजल साकेत कुज हरिनारायण सिंह हरीश रीवा सहित अनेक प्राध्यापक, शिक्षक, पत्रकार आदि ने कुलपति को धन्यवाद देकर कहा कि अब बघेली भाषा साहित्य का समुचित विकास होगा।

# अवयस्क अभियोक्त्री से दुष्कर्म के मामले में 20 वर्ष का कठोर कारावास

**सीधी।** बताया गया कि दिनांक 10.04.2023 को सूचनाकर्ता/अभियोक्त्री के पिता ने थाना कोतवाली सीधी में उसकी पुत्री अभियोक्त्री उम्र 16 वर्ष को दिनांक 08.04.2023 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने के संबंध में रिपोर्ट लिखायी, जिसके आधार पर थाना कोतवाली के द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट अपराध क्रमांक 285/2023 अंतर्गत धारा 363 भा.दं.सं. पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अभियोक्त्री की तलाश करने पर अभियोक्त्री दस्तयाब हुई। अभियोक्त्री के द्वारा बताया कि आरोपी संदीप रावत तनय राजेश कोल निवासी सैरपुर के द्वारा उसे बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था एवं उसके साथ जबरदस्ती बलात्संग की घटना कारित किया जिसके कारण वह पांच माह की गर्भवती हो गई है। अभियोक्त्री के कथन के परिणामस्वरूप प्रकरण में 376(1), 376(2)(एन), 376(3) भादवि एवं 5(द्ध)(द्बद्ब)/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा कर विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट सीधी में प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन सत्र प्र.क्र. 09/23 में शासन की ओर से शसक्त पैरवी करते हुए जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा द्वारा अभियुक्त को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त को धारा 5(द्ध)(द्बद्ब)/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5,000/- रू. अर्थदण्ड से दंडित किया गया। साथ ही अर्थदण्ड की कुल धनराशि रूपये 5,000/- रूपये अभियोक्त्री को धारा 357(1)(बी) द.प्र.स. के प्रावधानों के अनुसार अपील अवधि पश्चात् अपील न होने की स्थिति में अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किये जाने का भी आदेश पारित किया गया।

# जनसुनवाई में ग्राम सचिव के स्थानान्तरण करने की आई शिकायत

## कलेक्टर ने सुनी लोगों की शिकायतें, निराकरण के दिए निर्देश

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री तरूण भटनागर ने जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हुए लोगों की शिकायतें एवं समास्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के जनपद पंचायत बुढ़ार के ग्राम पंचायत चन्द्रपुर के ग्राम वासियों से संयुक्त रूप से आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत चन्द्रपुर में ग्राम सचिव के पद पर श्री रामलखन शुक्ला पदस्थ हैं। ग्रामीणो ने बताया कि सचिव श्री रामलखन शुक्ला नियमित रूप से ग्राम पंचायत में उपस्थित नहीं रहते हैं। शासकीय कार्य में रूचि नहीं लेते हैं। जिस कारण से ग्राम पंचायत में कोई विकास कार्य भी नहीं हो रहे हैं तथा ग्रामीण जनों का समय से कोई कार्य नहीं हो पाता है। ग्रामीण जनों का कहना था कि सचिव रामलखन शुक्ला का ग्राम पंचायत चन्द्रपुर से स्थानान्तरण कर दिया जाए। जिस पर मामले की सुनवाई करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाए। जनसुनवाई में श्रीमती मुन्नी काछी पति स्व0 श्री कामता काछी निवासी ग्राम खन्नौधी तहसील गोहपारू जिला शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे पति स्व0 श्री कामता काछी की आकस्मिक मृत्यु 31 जनवरी 2022 को हुई थी। मेरे पति के नाम से संबल कार्ड बना हुआ था, मैने अनुग्रह सहायता राशि के लिए कार्यालय जनपद पंचायत गोहपारू में आवेदन किया था। उन्होनें बताया कि मुझे आज तक अनुगृह राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना था कि उन्हे अनुगृह राशि का भुगतान कराया जाए । जिस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि इस मामले में जांच कर अनुगृह राशि का भुगतान कराने की कार्यवाही करें। जनसुनवाई में संजीव कुमार तिवारी ग्राम पंचायत बोडरी तहसील सोहागपुर जिला शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि मेरे घर में मेरे नाम से विद्युत कनेक्शन है।

# कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल।** कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आज साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने शहडोल संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।




शहडोल जिले के तहसील बुढार निवासी श्री महेश सिंह ने जनसुनवाई में आवेदन देकर बताया कि नगर परिषद बुढार मे बाल मैन के पद पर (जल प्रदाय शाखा) में कार्यरत था मै 30 दिसम्बर 2022 को सेवा निवृत्त हो गया हूं। मेरा अभी तक पेंन्शन का निर्धारण नही किया गया है, जिससे मुझे को घर का खर्च चलाने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि मुझे 1 वर्ष 6 महीने बीत जाने के बाद भी पेंशन नही मिल रही है। महेश सिंह का कहना था कि मुझे पेंशन का निर्धारण पेंषन दिलाया जाए। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर पेंशन दिलाने के निर्देश दिए।

ग्राम सामतपुर तहसील सोहागपुर निवासी कुमन सिंह, ललन सिंह, प्रेमकुमारी व अन्य किसानों ने जनसुनवाई में सामूहिक आवेदन देकर बताया कि ग्राम कोदवार खुर्द प.ह. नं. 110 में स्थित है जिसमें हम लोगो ने अपने अपने पटटे व कब्जे की भूमि करीब 13 एकड में गेंहू की फसल लगाये हुए थे, जो पककर तैयार होकर काटने योग्य हो गया था, 24 मार्च 2024 को दोपहर में अचानक आग लग जाने के कारण पूरी फसल जलकर नष्ट हो गई, जिसके उपरान्त हम लोगो के द्वारा तुरन्त ही हल्का पटवारी व थाना सिंहपुर मे सूचित किये और हल्का पटवारी द्वारा तुरन्त उक्त दिनांक को मौके से जाकर निरीक्षण कर जॉच प्रतिवेदन क्षतिपत्रक पंचनामा तैयार कर नायब तहसीलदार अमरहा सर्किल मे जमा किया गया है, किन्तु आज दिनांक तक हम किसानों को उक्त गेहू की फसल नुकसानी की क्षति प्राप्त नही हो सकी है. जिससे हम खरीफ की फसल धान सोयाबीन की बोबाई करने में असमर्थ हमारे पास पूर्व से बैंक का कर्जा बना हुआ है, बैंक से कर्ज लेकर ही गेंहू की फसल लगाये थे. और गेंहू की फसल जलकर राख हो जाने से हम बैंक का कर्ज नही पटा पा रहे है और हम खाद बीज भी नही ले पा रहे है क्षतिपूर्ति की राशि के लिए ठोकरे खाते फिर रहे है। उन्होंने बताया कि किसानो की स्थिति परिस्थिति देखते हुए गेहू की फसल की नुकसानी की क्षतिपूर्ति की राशि जल्द से जल्द प्रदाय कराया जाए जिससे हमें आगे की फसलों का पैदावार कर सकें। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन देकर क्षति हुई फसलों की राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम पंचायत धुरवार निवासी सेवा निवृत्त शिक्षक श्री रामकरण शुक्ल ने आवेदन देकर बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मेरी पेंशन की राशि बिना सूचना दिए बंद कर दी गई जिससे मुझे काफी समस्याए हो रही है। उनका कहना था कि मेरी पेंषन की राशि पुनः प्रारंभ करवाई जाए। जिस पर संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित पेंशन पुनः प्रारंभ करने के निर्देष दिए।

## संपादकीय

### यह जीत एक बड़ी उपलब्धि

कहते हैं कि हौसला और सब्र कायम रहे तो हारी हुई बाजी को भी जीत में तब्दील किया जा सकता है। बारबाडोस में टी-20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर जो जीत दर्ज की, वह मौजूदा क्रिकेट की दुनिया की एक बड़ी उपलब्धि तो है ही, मगर इस खिताब को हासिल करने के क्रम में मैदान में जिस तरह का रोमांच पैदा हुआ, उसने भारत के लिए इस जीत को बेहद अहम और यादगार बना दिया। दरअसल, मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने अपने दमखम के जरिए एक दूसरे पर हावी होने की हर स्तर पर कोशिश की।कभी दक्षिण अफ्रीका की टीम भारी पड़ती दिखी तो कभी भारत की टीम जीत के करीब दिखी। अपनी पारी में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने एक मजबूत चुनौती रखी थी। हालांकि अतीत में दक्षिण अफ्रीका की टीम के प्रदर्शन को देखते हुए इस लक्ष्य को बहुत मुश्किल काम नहीं माना जा रहा था और एक समय वह जीत के बेहद करीब पहुंच भी गई थी, मगर अंतिम पांच ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने बाजी पलट दी।यों बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तक के मामले में दोनों ही टीमों ने बेहतरीन क्रिकेट का प्रदर्शन किया, लेकिन मैच के आखिरी दौर में भारत ने मैदान में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर पूरा जोर लगा दिया और एक तरह से हाथ से छूटती बाजी को दक्षिण अफ्रीका से आखिरकार छीन लिया। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बीस ओवरों के मैच में पंद्रह ओवर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने जैसी पकड़ बना रखी थी, उसमें उसे रोक पाना एक मुश्किल चुनौती थी।मगर यह कहा जा सकता है कि इस मैच के आखिरी ओवरों में भारतीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के मामले में जैसा प्रदर्शन किया, उसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने अपनी गेंदों से एक ओर विपक्षी टीम के हाथ बांध दिए, दूसरी ओर उनके मजबूत खिलाड़ियों को मैदान बाहर भी भेज दिया। इसमें हार्दिक की गेंद पर मिलर के छक्का मारने की कोशिश को सीमा रेखा पर सूर्यकुमार यादव ने जिस तरह शानदार और यादगार कैच पकड़ कर रोका, उसने मैच की बाजी पलट दी।गौरतलब है कि टी-20 में यह दूसरा मौका है, जब भारत ने खिताबी जीत हासिल की है और जाहिर है इसके साथ ही एक तरह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय दावेदारी एक बार फिर पुष्ट हुई है।

# वेंकैया जैसे नेता ही बनाते हैं राष्ट्र को जीवंत, सिद्धांत, पार्टी और राष्ट्रहित को निजी हितों पर तरजीह देते हैं नायडू

(नरेंद्र मोदी)

आज भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति और राष्ट्रीय राजनीति में शुचिता के प्रतीक एम. वेंकैया नायडू गारू का जन्मदिवस है। वेंकैया नायडू जी आज 75 वर्ष के हो गए हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा और जनसेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। मैं उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। देश में उनके लाखों चाहने वाले हैं। मैं उनके सभी शुभचिंतकों और समर्थकों को भी बधाई देता हूं। वेंकैया जी का 75वां जन्मदिवस एक विशाल व्यक्तित्व की व्यापक उपलब्धियों को समेटे हुए है। उनका जीवन सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की ऐसी यात्रा है, जिसके बारे में सभी देशवासियों को जानना चाहिए। राजनीति में अपने प्रारम्भिक दिनों से लेकर उपराष्ट्रपति जैसे शीर्ष पद तक, नायडू गारू ने भारतीय राजनीति की जटिलताओं को जितनी सरलता और विनम्रता से पार किया, वो अपने आपमें एक उदाहरण है। उनकी वाकपटुता, हाजिरजवाबी और विकास से जुड़े मुद्दों के प्रति सक्रियता के कारण उन्हें दलगत राजनीति से ऊपर हर पार्टी में सम्मान मिला है।

वेंकैया गारू और मैं दशकों से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। हमने लंबे समय तक अलग-अलग दायित्वों को संभालते हुए साथ काम किया है और मैंने हर भूमिका में उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैंने देखा है, जीवन के हर पड़ाव पर लोगों के प्रति उनका स्नेह और प्रेम कभी नहीं बदला। वेंकैया जी सक्रिय राजनीति से आंध्र प्रदेश में छात्र नेता के रूप में जुड़े थे। उन्होंने राजनीति के पहले पड़ाव पर ही प्रतिभा, वक्तृत्व क्षमता और संगठन कौशल की अलग छाप छोड़ी थी। किसी भी राजनीतिक दल में उन्हें कम समय में बड़ा स्थान मिल सकता था। लेकिन उन्होंने संघ परिवार के साथ काम करना पसंद किया, क्योंकि उनकी आस्था राष्ट्र प्रथम के विजन में थी। उन्होंने विचार को व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा और बाद में जनसंघ एवं भाजपा को



मजबूत किया।

लगभग 50 साल पहले जब कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाया था, तब युवा वेंकैया गारू ने आपातकाल विरोधी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्हें लोकनायक जेपी को आंध्र में आमंत्रित करने के लिए जेल जाना पड़ा। 1980 के दशक के मध्य में, जब महान हुआक्र सरकार को कांग्रेस ने गलत तरीके से बर्खास्त किया, तब वे फिर से लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए हुए आंदोलन की अग्रिम पंक्ति में थे।

1990 के दशक में बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने वेंकैया गारू के परिश्रम और प्रयासों को पहचानते हुए उन्हें पार्टी का अखिल भारतीय महासचिव नियुक्त किया। 1993 में यहीं से राष्ट्रीय राजनीति में उनका कार्यकाल शुरू हुआ। एक ऐसा व्यक्ति, जो किशोरावस्था में अटल जी और आडवाणी जी के दौरों की तैयारी करता था, उनके लिए ये कितना बड़ा मुकाम था। पार्टी महासचिव के रूप में, उनका एक ही लक्ष्य था कि भाजपा को सत्ता में कैसे लाया जाए ! उनका एक ही संकल्प था कि कैसे देश को भाजपा का पहला प्रधानमंत्री मिले। दिल्ली आने के बाद, उनकी मेहनत का ही परिणाम था कि उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। कुछ ही समय बाद वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बने। वर्ष 2000 में, जब अटल जी सरकार बना रहे थे तो वह वेंकैया गारू को अपनी सरकार में मंत्री बनाना चाहते थे। अटल जी ने उनसे उनकी इच्छा पूछी तो वेंकैया गारू ने ग्रामीण विकास मंत्रालय को चुना। उनकी पसंद ने तब कई लोगों को हैरान किया था। क्योंकि, उसके पहले नेताओं के लिए दूसरे मंत्रालय पहली पसंद हुआ करते थे। लेकिन, वेंकैया गारू की सोच बिल्कुल स्पष्ट थी वह एक किसान पुत्र थे, उन्होंने अपने शुरुआती दिन गांवों में बिताए थे और इसलिए, कोई एक ऐसा क्षेत्र था जिसमें वह काम करना चाहते थे, तो वह ग्रामीण विकास था। उस समय एक मंत्री के रूप में 'प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना' को जमीन पर उतारने में उनकी अहम भूमिका थी। 2014 में एनडीए सरकार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों को संभाला। उनके कार्यकाल के दौरान ही हमने 'स्वच्छ भारत मिशन' और शहरी विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू कीं। शायद, वह उन नेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतने लंबे समय तक ग्रामीण और शहरी विकास दोनों के लिए काम किया है।

2014 के उन शुरुआती दिनों में वेंकैया जी का अनुभव मेरे भी बहुत काम आया। मैं तब दिल्ली के लिए बाहरी व्यक्ति था। मेरा करीब डेढ़ दशक गुजरात में काम करते हुए बीता था। ऐसे समय में वेंकैया गारू का सहयोग मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। वह एक प्रभावी संसदीय कार्य मंत्री थे। वो सदन में पक्ष-विपक्ष की बारीकियों को समझते थे। साथ ही, जब संसदीय मानदंडों और नियमों की बात आती थी, तब वो नियमों को लेकर भी उतना ही स्पष्ट नज़र आते थे।

वर्ष 2017 में, हमारे गठबंधन ने उन्हें हमारे उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित किया। ये हमारे लिए एक कठिन और दुविधा से भरा निर्णय था। हम जानते थे कि वेंकैया गारू के स्थान को भरना बेहद कठिन होगा। लेकिन हमें ये भी पता था कि उपराष्ट्रपति पद के लिए उनसे बेहतर कोई और उम्मीदवार नहीं है। मंत्री और सांसद पद से इस्तीफा देते हुए उन्होंने जो भाषण दिया था, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। जब उन्होंने पार्टी के साथ अपने जुड़ाव और इसे बनाने के प्रयासों को याद किया तो वह अपने आंसू नहीं रोक पाए। इससे उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून की झलक मिलती है। उपराष्ट्रपति बनने पर उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए जिससे इस पद की गरिमा और भी बढ़ी। वह राज्यसभा के एक उत्कृष्ट सभापति थे, जिन्होंने यह सुनिश्चित किया कि युवा सांसदों, महिला सांसदों और पहली बार चुने गए सांसदों को बोलने का अवसर मिले। उन्होंने सदन में उपस्थिति पर बहुत जोर दिया, समितियों को अधिक प्रभावी बनाया। उन्होंने सदन में बहस के स्तर को भी ऊंचा उठाया। जब अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने का निर्णय राज्यसभा के पटल पर रखा गया, तो वेंकैया गारू ही सभापति थे। मुझे यकीन है कि यह उनके लिए एक भावनात्मक क्षण था। वह युवा जिसने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के संकल्प के लिए जीवन समर्पित किय, जब वह सपना पूरा हुआ तो वह सभापति के पद पर आसीन था। किसी निष्ठावान देशभक्त के जीवन में इससे बड़ा समय और क्या होगा !

वेंकैया गारू एक उत्साही पाठक और लेखक भी हैं। दिल्ली के लोगों के बीच, उन्हें उस व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो शहर में गौरवशाली तेलुगु संस्कृति लेकर आए। उनके द्वारा आयोजित उगादी और संक्रांति कार्यक्रम स्पष्ट रूप से शहर के सबसे पसंदीदा समारोहों में से एक हैं। मैं वेंकैया गारू को हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जानता हूं जो भोजन प्रेमी हैं और शानदार मेजबानी करना जानते हैं। लेकिन, पिछले कुछ समय से उनका संयम भी सबके सामने दिखने लगा है। फिटनेस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इस बात से झलकती है कि वह अभी भी बैडमिंटन खेलना और ब्रिस्क वॉक करना पसंद करते हैं।

उपराष्ट्रपति पद का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी, वेंकैया गारू सार्वजनिक जीवन में बेहद सक्रिय हैं। वह लगातार देश के लिए जरूरी मुद्दों और विकास कार्यों को मुझसे बात करते रहते हैं। हाल ही में जब हमारी सरकार तीसरी बार सत्ता में लौटी, तो मेरी उनसे मुलाकात हुई थी। वह बहुत खुश हुए और उन्होंने मुझे व हमारी टीम को अपनी शुभकामनाएं दीं। मैं एक बार फिर उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे आशा है कि युवा कार्यकर्ता, निर्वाचित प्रतिनिधि और सेवा करने का जुनून रखने वाले सभी लोग उनके जीवन से सीख लेंगे और उन मूल्यों को अपनाएंगे। यह वेंकैया गारू जैसे लोग ही हैं जो हमारे राष्ट्र को बेहतर और अधिक जीवंत बनाते हैं।

(लेखक देश के पीएम हैं)

# टीम इंडिया ने खत्म किया 17 साल का सूखा, टी-20 से विराट, रोहित और जडेजा ने लिया संन्यास

(आदर्श प्रकाश सिंह)

इस शानदार विजय के साथ ही देश के तीन प्रमुख खिलाड़ियों ने टी-20 से संन्यास का ऐलान कर दिया है। सबसे पहले विराट कोहली, उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और अब रवींद्र जडेजा ने इस फार्मेट से खुद को अलग कर लिया है।

भारत की टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया है। टी-20 विश्व कप में 17 साल का सूखा खत्म हुआ। क्रिकेट के इस छोटे प्रारूप में हम अब विश्व चैम्पियन हैं। पूरी टीम एकजुट होकर खेली और देश को जश्न मनाने का मौका दे दिया। 29 जून की रात सात समुंदर पार बारबाडोस में हमारी टीम ने इतिहास रचा और इधर भारत के शहरों में दिवाली मन गई। कितना उत्साह और उल्लास था, देशवासियों ने यह सब अपने टीवी के पर्दे पर अवश्य देखा होगा। खास बात यह कि पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने अजेय रहते हुए विश्व कप अपने नाम कर लिया। इस दौरान हमारे खिलाड़ियों ने पाकिस्तान, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मानमर्दन किया। और जब फाइनल में हमारे सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम थी तो उसके जबड़े से हारता हुआ मैच छीन लिया। सच में 15वें ओवर तक जो स्थित थी उसके अनुसार मैच पर दक्षिण अफ्रीका की मजबूत पकड़ बन चुकी थी। मगर, किस्मत उस दिन भारत के साथ थी। लाखों करोड़ों खेल प्रेमियों की दुआएं टीम इंडिया के साथ थी। लिहाजा 16वें ओवर में मैच ऐसा पलटा कि भारत की झोली में आ गिरा। आखिरी ओवर में सूर्य कुमार द्वारा सीमा रेखा पर लपका गया कैच तो कोई भूल नहीं पाएगा। यदि मिलर का वह कैच नहीं पकड़ा गया होता तो भारत का जीतना मुश्किल था। लेकिन कहते हैं न कि किस्मत बहादुरों का साथ देती है तो उस दिन ऐसा ही हुआ। हम सबको अपनी टीम पर गर्व है। यह जीत लंबे अर्से बाद हासिल हुई है। आईसीसी का कोई टूर्नामेंट भारत ने 2013 में जीता था। तब चैम्पियंस ट्राफी में हमें जीत मिली थी।




इस शानदार विजय के साथ ही देश के तीन प्रमुख खिलाड़ियों ने टी?20 से संन्यास का ऐलान कर दिया है। सबसे पहले विराट कोहली, उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और अब रवींद्र जडेजा ने इस फार्मेट से खुद को अलग कर लिया है। यह निर्णय बहुत ही सराहनीय है। ये तीनों 35 से 40 साल के उम्र के बीच में हैं। अतः संन्यास लेने के लिए यही उचित समय भी है। युवा खिलाड़ी बाहर बैठ कर मौके का इंतजार कर रहे हैं। आप देखिए कि यशस्वी जायसवाल को टीम में चुना गया था लेकिन कोई मैच नहीं खेल पाए। लेग स्पिनर यजुवेंद्र चहल पिछले विश्व कप 2022 और इस विश्व कप में टीम के साथ थे लेकिन अंतिम एकादश में चयन नहीं हो सका। यही हाल विकेटकीपर संजू सैमसन का रहा। वह बिना कोई मैच खेले टीम के साथ वापस आएंगे। इसलिए इन तीनों सीनियर खिलाड़ियों ने जो निर्णय किया है वह देशहित में है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए। फिर विराट कोहली ने तो कहा भी है कि मैं युवाओं को मौका देने के लिए ही टी?20 से संन्यास ले रहा हूं। कोहली पूरे विश्व कप में रन नहीं बना सके लेकिन फाइनल मुकाबले में उन्होंने 76 रनों की पारी खेल कर अपना सम्मान बचा लिया। उनसे पारी का आगाज कराने का प्रयोग सफल नहीं रहा। आईपीएल में विराट ने बेंगलुरू टीम से खेलते हुए सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाई थी और कामयाब भी रहे थे। पर, विश्व कप में वह विफल रहे। दो बार तो शून्य पर आउट हुए। खैर, अब वनडे और टेस्ट मैच में वह खेलते दिखेंगे। उन्हें सचिन तेंदुलकर के 100 शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ना है। इसकी उम्मीद हम सभी को है।

रोहित शर्मा ने 2007 के टी-20 विश्व कप से अपने कॅरियर का आगाज किया था। वह इस प्रारूप का पहला विश्व कप था जिसे महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने जीता था। उसके बाद से भारत विजय के लिए तरस रहा था। आखिर 17 साल बाद देशवासियों की मुराद 2024 में पूरी हुई। हिटमैन कहे जाने वाले रोहित सभी विश्व कप में खेले और संयोग देखिए कि अपनी कप्तानी में उन्होंने भारत को खिताबी जीत दिला दी। टी-20 से संन्यास के बाद उनका ध्यान निश्चित रूप से वनडे और टेस्ट मैच पर रहेगा।

विश्व कप में स्पिनर रवींद्र जडेजा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। वह केवल एक विकेट ले पाए। उन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी में ज्यादा मौके भी नहीं मिले। बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के कारण उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिलती रही लेकिन चार पारियों में वह केवल 35 रन बना सके। इसलिए टी-20 से संन्यास का उनका निर्णय भी सही है।

सच कहें तो इस विश्व कप में हमारी गेंदबाजी बहुत धारदार रही है। इसी के दम पर भारत ने विपक्षी टीमों को आसानी से हरा दिया। पाकिस्तान के खिलाफ 119 रन बनाने के बावजूद यदि हम जीते तो उसमें गेंदबाजों का योगदान ही खास रहा। जसप्रीत बुमराह ने पूरे विश्व कप में 15 विकेट लिये। उन्हें टूर्नामेंट का श्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। युवा अर्शदीप सिंह भी कसौटी पर खरे उतरे। उसने कुल 17 विकेट चटकाए। आलराउंडर हार्दिक पांड्या को लेकर आईपीएल में खूब नकारात्मक बातें हुईं। पर, उसने विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। स्पिनर कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने भी अपनी उपयोगिता साबित की। केवल फाइनल में ये दोनों पिट गए। इसके अलावा हर मैच में इनका दबदबा रहा। इस विश्व कप की एक खास बात अफगानिस्तान के साथ जुड़ी है। वह पहली बार किसी बड़ी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम रही। अफगान खिलाड़ियों ने न्यूजीलैंड, श्रीलंका और सुपर-8 में ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराकर बड़ा उलटफेर किया। एक उलटफेर अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान को हराकर किया। इसलिए यह विश्व कप इन बातों के लिए भी याद रखा जाएगा कि न्यूजीलैंड जैसी टीम पहले ही चरण में बाहर हो गई।

## वर्ग पहेली 5419

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | | 8 | | 9 | |
| | | | 10 | | 11 | | |
| 12 | 13 | 14 | | | | 15 | 16 |
| | 17 | | | | | 18 | |
| 19 | | | 20 | | 21 | | |
| | 22 | 23 | | | 24 | | |
| | | 25 | | | | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह एशिया का निष्प्राण क्षेत्र कहलाता है (3)
4. यह देश 1814 में ब्रिटेन के अधीन हो गया था और 26 मई 1966 को राष्ट्रमंडल के भीतर स्वाधीन बना जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
7. हस्तलिखित, उपरोपित, पैबंदी (3)
9. एक बार सांस लेने का समय, बल, कश, फूंक (2)
10. किसी वी.आई.पी. के आने पर की जाने वाली तोपों का फैर (3)
12. इस स्वतंत्रता सेनानी को पंजाब केसरी भी कहा जाता था (8)
17. न्यौछावर करना, उत्सर्ग करना (3)
18. अंधकार, तमोगुण, विजय वासना रूपी अज्ञान (2)
19. जल, आब, नीर, पानी (2)
20. थलीय धरातल, पृथ्वी (3)
22. अनलंकृत, दर्पहीन, सरल, सामान्य (3)
24. कुएं के आसपास बना हुआ चबूतरा (4)
25. मनुहार, मनाने का काम, मन्नत (4)

**ऊपर से नीचे**

1. रसोईघर को यह भी कहा जाता है (4)
2. दूरी नापने की एक प्राचीन इकाई (2)
3. सुमात्रा द्वीप में होने वाली एक प्रकार की घास (2)
5. अविस्मरण, स्मृति, वियोग, दुख (2)
6. संज्ञा, इस्म, उपाधि, संज्ञिका (2)
8. मिलन, समझौता, समागमन, इस फिल्म में शत्रुघ्न सिन्हा ने सर्प की भूमिका निबाही थी (3)
10. श्रृंगार करना, तैयार होना, बनना-ठनना (6)
11. प्रेमी, पुरूष मित्र को यह भी कहा जाता है (2)
13. उत्तराधिकारी, अनाथ, स्वामीहीन (4)
14. राल, लुआबा, लासा (2)
15. निशा, विभावरी, रात्रि, रजनी (2)
16. यमराज की भेजे जाने वाले संदेशवाहक (4)
21. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (3)
23. समाकार, समकोटीय, अनेतर, सदृश्य (2)

### वर्ग पहेली 5418 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | ह | री | न | | म | हु | आ |
| या | र | | म | दी | ना | | स |
| र | फ | बु | क | | व | | पा |
| | | त | ह | स | न | ह | स |
| सु | ख | | ला | वा | | स्ती | |
| न | ल | | ल | लि | ता | | फौ |
| य | | आ | | या | र | बा | ज |
| ना | म | ज | द | | क | र | |

# बिना खाए मिटे भूख



(दिलीप लाल)

मोटापा और बढ़ता वजन कंट्रोल करने के लिए कैलोरी डिफेक्ट की सलाह दी जाती है। जब शरीर को कम कैलोरी मिलती, तो वह अपने जमा वसा को ऊर्जा के रूप में इस्तेमाल करता है और इससे वजन घटता है। मार्केट में ओजमपिक जैसी कुछ दवाएं हैं जिन्हें वजन कम करने वाली मैजिक पिल के रूप में जाना जाता है। इसे लेने के बाद मनपसंद खाना रखा हो तो भी खाने का मन नहीं करेगा। ऐसा क्यों होता है? इसे जानने के लिए वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के उस हिस्से की पहचान की है जो पेट भरा होने का अहसास दिलाता है। साइंस1 पत्रिका में प्रकाशित एक पेपर में वैज्ञानिकों ने दवाओं से मिलने वाली संतुष्टि के दो अलग-अलग न्यूरॉन समूहों की पहचान की है। ये न्यूरॉन समूह ही पेट भरने का मेसेज देते हैं। एक न्यूरॉन ग्रुप भोजन के पहले और दूसरा भोजन करने के बाद पेट भरने का संकेत देते हैं। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि मोटापे को कम करने के लिए ये दवाएं दोनों ही हालात में काम करती हैं। ये दवाएं जीएलपी-1 नामक हॉर्मोन की नकल करती हैं, जो ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है और मस्तिष्क पर अपना असर डालकर भूख को मार देती है। सियोल नैशनल यूनिवर्सिटी के एक न्यूरोसाइंटिस्ट अपना अनुभव बताते हैं- जब मैंने यह दवा लेकर भोजन को देखा और उसकी गंध महसूस की, तो लगा पेट भरा हुआ है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं)

## आज का राशिफल

### मेष

आज सौभाग्य भी साथ देगा। इस कारण आप खुलकर खरीदारी करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करना चाहेंगे। इससे भविष्य में आपको लाभ होगा। आमदनी बढ़ने से परिवार वाले भी खुश नजर आएंगे।

### वृषभ

आज तकदीर आपका साथ देगी। स्थापित कारोबार का विस्तार होगा। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी, लेकिन निजी संबंधों के मामले में त्रिपक्षीय रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे। आपको संसाधन जुटाकर अपनी आर्थिक स्थिति को सशक्त करना चाहिए, तभी रूतबा बरकरार रख सकेंगे।

### मिथुन

आज जो उम्मीदे संजोकर रखी हैं या फिर आप जैसा चाह रहे होंगे, उनके पूरा न होने से आप हताश हो सकते हैं। कार्यस्थल पर आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन कठिन वक्त में वृश्चिक राशि का व्यक्ति आपकी मदद करेगा।

### कर्क

आज युवा लोगो को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में स्वतंत्र रूप से फैसला लेने वाली है। सावधान रहें कि आपके परिवेश से जुड़े चालाक दोस्त आपकी उदारता का फायदा उठाना चाहते हैं। करियर में सफलता से मन खुश रहेगा।

### सिंह

आज अपेक्षाएं न रखें, वरना आपको संघर्ष करना पड़ेगा। खासतौर पर कार्यस्थल पर आपको किसी के साथ भावानात्मक जुड़ाव से बचना चाहिए। यही नहीं, आप स्वयं को बोझिल भी महसूस करेंगे। व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा।

### कन्या

आज तेज़ी से बदलाव हो रहे हैं। नए अवसर सामने आएंगे। कामयाबी पाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। एक तरफ तो आप कुछ बातों से स्वयं को आहत कर रहे हैं और दूसरी तरफ भावनाओं को आप छिपाना भी चाहते हैं। कार्यस्थल की चुनौतियों का लाभ उठाएं।

### तुला

आज आपके समक्ष एक खाली कैनवास रख दिया है और अब इस कैनवास पर चित्रों को पेंट आपको ही करना है। अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है और एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं, वैसे ही आप हल्का व तनाव रहित महसूस करेंगे।

### वृश्चिक

आज आप अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे। आप असंभव से दिखने वाले कार्यों और चुनौतियों से रूबरू होंगे और उनका समाधन निकालकर ही दम लेंगे। खुलकर खरीददारी करने से आपका मासिक बजट बिगड़ सकता है।

### धनु

आज जो भी घटनाएं आपके समक्ष पेश कर रही हैं, उनका भरपूर लुफ्त उठाएं, तभी आप अतीत के अपराध बोध, नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे। अगर नकारात्मक विचारों को दूर करने की कोशिश नहीं की गई तो फिर भावनात्मक रूप से दुखी होंगे। कार्यस्थल में सूझ-बूझकर फैसला लें।

### मकर

आज आपके दृष्टिकोण में भी नयापन झलकेगा। आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं। ध्यान की गहराइयों में जाएं, तो कार्यस्थल की चुनौतियों को पार कर पाएंगे। अत्यधिक भावुकता से बचें। कार्यस्थल पर आपको नए अवसर मिलेंगे। इनका उपयोग समझदारी के साथ करें। भावुक होकर फैसला लेने से बचना चाहिए।

### कुंभ

आज भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं। अगर आप सचेत नहीं रहे, तो आपके साथ से एक सुनहरा मौका निकल सकता है या फिर आप एक शानदार निजी अनुभव से वंचित हो सकते हैं। नौकरी का नया अवसर मिले, तो आपको इस पर विचार करना चाहिए।

### मीन

आज व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें। हम लोग अस्तित्व के चमत्कार के ही अंग हैं, इसलिए हीनता ग्रंथि अथवा श्रेष्ठता ग्रंथि से ग्रस्त होने की जरूरत नहीं है। निजी व व्यावसायिक मामलों को आप विलक्षण ढंग से और रचनात्मक प्रवृत्ति से अंजाम देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरवाड़ा को बचाने की कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती




**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के गढ़ के तौर पर पहचाना जाता रहा है। मगर बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस किले पर फतह हासिल की है। अब भाजपा की नजर अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर है और कांग्रेस को इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना बड़ी चुनौती बन गया है। छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 10 जुलाई को उपचुनाव के लिए मतदान होने वाला है। यहां कांग्रेस के विधायक रहे कमलेश शाह द्वारा दल बदल करने के कारण उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने कमलेश शाह को ही उम्मीदवार बनाया है। शाह के समर्थन में पार्टी के तमाम बड़े नेता प्रचार कर चुके हैं और आगामी दिनों में दौरे भी संभावित हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने भी अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए खास रणनीति बनाते हुए आंचल दरबार के प्रतिनिधि धीरेन शाह को मैदान में उतारा है। आंचल दरबार एक आस्था का केंद्र है और धीरेन शाह का इस परिवार से नाता है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अब प्रचार की कमान संभालने वाले हैं, वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी फिर से इस क्षेत्र में सक्रिय होने जा रहे हैं। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पिछले चुनाव पर गौर करें तो लगातार तीन बार से कमलेश शाह चुनाव जीतते आ रहे हैं। इस विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस के गढ़ के तौर पर भी पहचाना जाता है। अब कमलेश शाह बीजेपी के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है। अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू ने कांग्रेस के नकुलनाथ को शिकस्त दी और अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में भी कांग्रेस पिछड़ी। ऐसे में भाजपा का दावा है कि उसके लिए उपचुनाव में जीत आसान रहेगी। अमरवाड़ा में मुकाबला त्रिकोणीय नजर आ रहा है। कांग्रेस के जहां धीरेन शाह को मैदान में हैं, वहीं भाजपा ने कमलेश शाह को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर देव रावेन भलावी मैदान में हैं।

### खतरे के निशान से ऊपर बह रही अलकनंदा नदी, तप्तकुंड को भी कराया गया खाली

**बदरीनाथ, एजेंसी।** उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम में अलकनंदा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यात्रियों व स्थानीय लोगों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वो नदी किनारे न जाएं। साथ ही तप्तकुंड को भी खाली करा दिया गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों के लिए बनाया गया वैकल्पिक मार्ग बह गया है। इससे इस क्षेत्र में रिवर फ्रंट का काम बंद हो गया है। यहां पर कंपनी की कुछ मशीनें भी फंसी होने की भी खबर हैं। डंपर, जेसीबी मशीन और मजदूरों को कार्यस्थल तक पहुंचाने के लिए यह मार्ग बनाया गया था। ऐसे में दूसरी जगह से वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की कोशिश की जा रही है, जिससे रिवर फ्रंट का काम फिर से शुरू किया जा सके। उत्तराखंड में मानसूनी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़, नैनीताल और बागेश्वर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए कई क्षेत्रों में सभी निजी और सरकारी स्कूलों की छुट्टी के आदेश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने लोगों से बहुत जरूरी होने पर ही पहाड़ी मार्गों पर सफर करने की अपील की है।

### तीन दिनों में 51,000 श्रद्धालुओं ने किए बाबा अमरनाथ के दर्शन



**जम्मू, एजेंसी।** 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 51,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को 6,537 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिले के साथ कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 6,537 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया, फ्इनमें से 2106 श्रद्धालु 105 वाहनों के सुरक्षा काफिले के साथ सुबह 3.05 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जबकि 4,431 तीर्थयात्री 156 वाहनों में सवार होकर सुबह 3.50 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुए।फ्र मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आमतौर पर बादल छाए रहने और सुबह के समय हल्की बारिश/गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है। यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग या 14 किलोमीटर वाले छोटे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग से जाने वाले 'दर्शन' करने के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7,000 से अधिक 'सेवादार' (स्वयंसेवक) यात्रियों की सेवा कर रहे हैं।

# असम में बाढ़ से बदतर हुए हालात, चीनी सीमा के इलाकों से संपर्क कटा, बह गए पुल

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम में बाढ़ की स्थिति बद्तर होती जा रही है और जलस्तर बढ़ने की वजह से काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में स्थित 233 वन शिविरों में से 26 प्रतिशत से अधिक जलमग्न हो गए हैं। वहीं भारत-चीन सीमा पर भी कई इलाकों से सड़क मार्ग का संपर्क कट गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के मुताबिक बाढ़ प्रभावित जिलों की संखअया 12 से बढ़कर 19 हो गई है। ईटानगर में भारी बारिश की वजह से 2 से 6 जुलाई तक स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

पूर्वी कामेंग जिले में कुरुंग नदी पर बना पुल बाढ़ में बह गया। इसके अलावा कई घर भी बाढ़ की चपेट में आ गए। असम में लगभग 8 हजार लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। वहीं तिनसुकिया जिले में सबसे ज्यादा 35 लोगों की मौत हो गई है। रिपोर्ट के मुताबिक काजीरंगा वन्य जीव अभयारण्य का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है और बड़ी संख्या में जानवर ऊंचे स्थान की तलाश में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-715 पार कर पूर्वी कार्बी आंगलोंग जिले के दक्षिणी हिस्से की ओर जा रहे हैं। हालांकि, बाढ़ या सड़क पार करने के दौरान किसी जानवर की मौत की खबर नहीं है।

बाढ़ को लेकर तैयार रिपोर्ट के मुताबिक काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व में स्थापित 61 वन शिविर डूब गए हैं। जलमग्न वन शिविरों में अगोराटोली रेंज के



22, काजीरंगा के 10, बागोरी के आठ, बूढ़ापहाड़ के पांच और बोकाखाट के छह शिविर शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इनके अलावा राष्ट्रीय उद्यान के बिश्वनाथ वन्यजीव प्रखंड में स्थापित 10 वन शिविर भी जलमग्न हो गए हैं।

इसबीच, गोलाघाट जिला प्रशासन ने रविवार शाम को भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के निषेधाज्ञा लागू कर दिया है ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 715 को पार करने वाले जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह राजमार्ग काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरता है। गोलाघाट के जिलाधिकारी विवेक श्याम पंग्योक ने बताया कि राजमार्ग पर यातायात का भारी दबाव होता है। उन्होंने कहा, ''बाढ़ के दौरान राजमार्ग पर वाहनों से वन्य जीवों को आवंछित जोखिम पैदा हो सकता है।

उन्होंने कहा कि जानवर अस्थायी रूप से कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद के अंतर्गत आने वाले प्राकृतिक ऊंचे इलाकों (पहाड़ियों) पर आश्रय के लिए प्रवास करने के लिए गलियारों का उपयोग करते हैं। सोमवार से लागू निषेधाज्ञा के मुताबिक किसी भी व्यावसायिक वाहन को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा केवल निजी वाहन ही दिन के समय नियंत्रित गति से चल सकेंगे। केवल स्थानीय निजी वाहन को ही रात को राष्ट्रीय उद्यान से गुजरने की अनुमति होगी।

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को असम में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और संकट से निपटने के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया। शर्मा ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मपुत्र और उसकी सभी सहायक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले दो से तीन दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी है।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुझे फोन कर स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और सेना पूरी तरह से तैयार रहेगी। शर्मा ने कहा, सभी मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों को स्थिति पर बारीकी से नजर रखने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने बताया कि ब्रह्मपुत्र और बराक घाटियों सहित 14 जिलों में कुल 2,70,628 लोग बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे हैं।

## आरक्षण को लेकर अनुप्रिया पटेल के और मुखर होने के आसार, ओबीसी को लेकर बढ़ी बेचैनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अपना दल (सोनेलाल) की अध्यक्ष केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आरक्षित पदों को अनारक्षित घोषित किए जाने की व्यवस्था पर रोक लगाने की कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया था। साक्षात्कार के आधार पर होने वाली भर्तियों में पिछड़ों और एससीएसटी की भर्ती नहीं करने का आरोप लगाकर उन्?होंने लखनऊ से दिल्?ली तक राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी। अब जानकार इसे सोची समझी रणनीति बता रहे हैं। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव के बाद अनुप्रि?या की पार्टी के नेताओं के दिमाग में यह बात घर कर गई है कि ओबीसी खासकर कुर्मी बिरादरी ने साथ छोड़ना शुरू कर दिया है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव में इस बार अपना दल (एस) दो में से एक राबर्ट्सगंज की सीट हार गई। वहीं मिर्जापुर सीट से चुनाव में तो अनुप्रिया पटेल की जीत हो गई लेकिन मार्जिन काफी कम हो गया। पिछले दिनों अपना दल (एस) में संगठन के पुनर्गठन का दौर शुरू हुआ है। वहीं, सोची समझी रणनीति के तहत पार्टी ने ओबीसी से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का फैसला लिया है। सूत्र तो यह भी बता रहे हैं कि पिछड़ों और दलितों से जुड़े मुद्दों को उठाने के लिए पार्टी प्रदेश में मिले इकलौते मंत्री पद को भी दांव पर लगा सकती है। अनुप्रिया पटेल ने यूपी सरकार पर यह बड़ा आरोप मढ़कर सत्ताधारी दल को असहज करने का काम किया है, हालांकि इन आरोपों को आयोगों ने निराधार बताते हुए भर्ती प्रक्रिया का समस्त ब्यौरा सार्वजनिक कर दिया है। मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में अद (एस) द्वारा पार्टी के संस्थापक डा. सोनेलाल पटेल की जयंती पर आयोजित जन स्वाभिमान दिवस कार्यक्रम पर अनुप्रिया पटेल इस मुद्दे पर और मुखर नजर आ सकती हैं। अद (एस) के सूत्रों के मुताबिक चुनाव में कुर्मी बिरादरी के साथ ही ओबीसी का वोट अपेक्षा के मुताबिक नहीं मिला। पार्टी ने यह तय किया है कि अब वंचित वर्ग के किसी भी मुद्दे पर पार्टी कोई समझौता नहीं करेगी।

## 25 दिन के बच्चे को नींद की दवा देकर बेचा, 40 हजार में दोस्त से किया सौदा

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के अपोलो हॉस्पिटल से पीलीभीत निवासी युवक का 25 दिन का बेटा रविवार रात चोरी हो गया। बच्चे के पिता की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने नये कानून के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 12 घंटे बाद पुलिस ने खरीदने व बेचने वाले को गिरफ्तार कर बच्चे को नवाबगंज से बरामद कर लिया। पीलीभीत में सुनगढ़ी गौटिया निवासी सुशील कुमार ने बताया कि पांच जून को पैदा हुए बेटे को निमोनिया होने पर 28 जून को डोहरा रोड स्थित अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

एनआईसीयू में बच्चे को मशीन में रख इलाज किया जा रहा था। रविवार रात 12 बजे वे लोग सो गए। सोमवार सुबह छह बजे वे लोग वहां पहुंचे तो बच्चा चोरी हो चुका था। बारादरी इंस्पेक्टर ने रात की ड्यूटी पर मौजूद फैजान समेत तीन कर्मचारियों से सख्ती की तो फैजान ने बताया कि उसने बच्चे को नवाबगंज के सबलू को 40 हजार में बेच दिया है। रात साढ़े दस बजे पुलिस ने बच्चे को बरामद कर उसके माता-पिता को सौंप दिया। फैजान ने पूरी प्लानिंग के तहत इस वारदात को अंजाम दिया था। सबलू से उसने 40 हजार रुपये में बच्चे का सौदा किया था और पांच हजार रुपये एडवांस मिले थे।

# मराठा आरक्षण के खिलाफ बेतुकी दलीलों पर भड़के हाई कोर्ट जज, खंडपीठ ने जताया अफसोस?

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उसे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने के लिए दाखिल कुछ याचिकाओं में बेतुकी दलीलें दी गई हैं। मुख्य न्यायधीश डी.के. उपाध्याय, न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पूर्ण पीठ ने कहा कि यह मुद्दा गंभीर है और राज्य की बड़ी आबादी को प्रभावित करने वाला है। इसलिए याचिकाकर्ताओं को अपनी दलीलें पेश करते समय अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी।

महाराष्ट्र राज्य सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ा वर्ग आरक्षण अधिनियम-2024 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के लिए कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इस अधिनियम में मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

कुछ याचिकाओं में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुनील शुक्रे की अध्यक्षता में महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना, इसकी कार्यप्रणाली और मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण देने की सिफारिश करने वाली इसकी रिपोर्ट को भी चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय की पीठ ने संबंधित सभी याचिकाओं पर शुक्रवार को अंतिम सुनवाई शुरू की। याचिकाकर्ताओं में से एक भाऊसाहेब पवार ने सोमवार को अपने वकील सुभाष झा के माध्यम से एक अर्जी देकर आयोग को प्रतिवादी बनाने का अनुरोध किया।




पवार ने अपनी याचिका में कानून और आयोग गठित करने की वैधता को चुनौती दी है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता बीरेंद्र सर्राफ ने कहा कि वह पहले दिन से ही कह रहे हैं कि इस मामले में आयोग को अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए, क्योंकि इसकी नियुक्ति और इसकी रिपोर्ट को चुनौती दी गई है।

याचिकाकर्ताओं ने हालांकि आयोग को पक्षकार बनाये जाने का विरोध करते हुए दावा किया कि उनकी याचिकाओं में अधिनियम की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है, इसलिए आयोग के पक्ष को सुनने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सुनवाई जारी रखने का अनुरोध किया।

राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता वी.ए.थोराट ने रेखांकित किया कि कुछ याचिकाकर्ताओं ने आयोग के सदस्यों पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, ''एक याचिकाकर्ता ने सीमा लांघते हुए न्यायमूर्ति शुक्रे को मराठा कार्यकर्ता बताया है।'' पीठ ने कहा कि वह अर्जियों से परेशान नहीं होती, लेकिन कुछ याचिकाओं में आयोग और उसकी रिपोर्ट के खिलाफ राहत मांगी गई है, और इसलिए, पहले आवेदन (पक्षकार बनाने के अनुरोध) पर सुनवाई करना उचित होगा।

# कौन है बंगाल में महिला को तालिबानी सजा देने वाला तजमुल उर्फ जेसीबी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में एक कपल को सड़क पर पीटने के वायरल वीडियो पर अब राजनीति तेज हो गई है। इसे लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कांग्रेस और वामदलों के नेताओं ने भी टीएमसी पर निशाना साधा है। इस मामले में ममता बनर्जी की पार्टी के घिरने की एक वजह यह भी है कि कपल को पीटने वाला टीएमसी का ही नेता है। खासतौर पर महिला की यूं सड़क पर पिटाई के वीडियो से लोग भड़के हुए हैं। कहा जा रहा है कि जिन दोनों की पिटाई की गई, वे अवैध संबंध में थे। उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपरा में सड़क पर महिला को डंडों से पीटने वाले शख्स की पहचान स्थानीय टीएमसी नेता तजमुल उर्फ जेसीबी के तौर पर हुई है। महिला और पिटने वाले शख्स के खिलाफ स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों ने पंचायत की थी और फिर उन्हें सजा देने का फैसला हुआ था। पुलिस ने इस मामले में रविवार को केस दर्ज कर लिया और तजमुल को अरेस्ट किया है। इसके अलावा चोपरा के विधायक हमीदुल रहमान का कहना है कि महिला की गतिविधियां



असामाजिक थीं। इसके अलावा उसने तजमुल से टीएमसी का कोई ताल्लुक होने से इनकार किया है। हमीदुल रहमान ने कहा कि यह गांव का मामला है और इससे टीएमसी का कोई मतलब नहीं है। तृणमूल के विधायक हमीदुल के बयान पर भी विवाद हो रहा है। उन्होंने इस सजा को मुस्लिम राष्ट्र से जोड़ दिया था। उन्होंने कहा था, हम इस घटना की निंदा करते हैं। लेकिन महिला ने गलत किया था। उसने अपने पति, बेटे और बेटी को छोड़ दिया था और अवैध संबंध में थी। मुस्लिम राष्ट्र के मुताबिक कुछ कोड हैं और न्याय उसके मुताबिक ही होता है। हालांकि हम मानते हैं कि जो कुछ हुआ, वह थोड़ा ज्यादा था। अब इस मामले में कानूनी ऐक्शन लिया जाएगा। इस बयान में मुस्लिम राष्ट्र बताने पर भाजपा ने तीखा हमला बोला है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि क्या टीएमसी यह घोषित कर रही है।

## हिमाचल में जमीन के नीचे से गुजरेगा 85 किलोमीटर फोरलेन, सरकार ने दी मंजूरी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल में करीब 85 किलोमीटर फोरलेन जमीन के नीचे बनेगा। इसके लिए एनएचएआई ने केंद्र सरकार और पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी हासिल कर ली है। दरअसल इस फोरलेन पर एनएचएआई 68 सुरंगों का निर्माण करने जा रहा है और इसमें से 50 फीसदी से ज्यादा की डीपीआर भी तैयार कर ली गई है। एनएचएआई ने अभी तक 11 सुरंगों का निर्माण पूरा कर लिया है, जबकि 27 का काम प्रदेश भर में चल रहा है और 30 सुरंगों की डीपीआर तैयार की जा रही है। एनएचएआई ने ज्यादातर सुरंगों के प्रस्ताव पिछले साल आई आपदा के बाद ही तैयार किए हैं। दरअसल, आपदा के दौरान कीरतपुर-मनाली नेशनल हाईवे पर कुल्लू और मंडी में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। इसके अलावा पठानकोट-मंडी और पिंजौर-नालागढ़ मार्ग भी आपदा से प्रभावित हुए थे। आपदा के बाद एनएचएआई ने प्रभावित नेशनल हाईवे का मुआयना आईआईटी और एनएचएआई से रिटायर हो चुके इंजीनियरों से करवाया था और उसी दौरान सुरंग बनाने के सुझाव सबसे ज्यादा मिले थे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सुरंग निर्माण पर एनएचएआई को विचार करने के निर्देश दिए थे। अब इन सभी के जवाब में एनएचएआई ने फोरलेन के ज्यादातर हिस्से को सुरंगों के माध्यम से गुजारने की तैयारी कर ली है। इन सुरंगों के निर्माण से प्रदेश



के सभी फोरलेन में कुल 126 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी, जबकि यात्रियों के 13 घंटे का सफर कम होगा। साथ ही नेशनल हाईवे बारिश और बर्फबारी से भी प्रभावित नहीं होंगे। हिमाचल में पठानकोट-मंडी, कालका-शिमला, शिमला-मटौर, कीरतपुर-मनाली और पिंजौर-नालागढ़ नेशनल हाइवे का निर्माण किया जा रहा है। इनमें 68 सुरंगें बन रही हैं। कीरतपुर-मनाली में 41.31 किलोमीटर लंबी 28 सुरंगें प्रस्तावित हैं। इनमें से 13 का निर्माण हो चुका है। कालका-शिमला फोरलेन में कैंथलीघाट से परवाणू के बीच एक सुरंग का निर्माण हो चुका है, जबकि कंडाघाट में करीब एक किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण अभी तक चल रहा है।

# राहुल गांधी के भाषण पर घमासान, मुस्लिम धर्मगुरु भी भड़के, कहा- एकदम गलत कहा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** संसद में सोमवार को विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से दिए गए भाषण को लेकर खूब विवाद हो रहा है। एक तरफ जहां भाजपा और हिंदूवादी खेमा उनपर हमलावर है तो अब इस्लामिक धर्मगरु ने भी एक बात पर आपत्ति जाहिर की है। राहुल गांधी की ओर से अभयमुद्रा को लेकर दिए गए बयान को ऑल इंडिया सूफी सज्जादानशीन काउंसिल के अध्यक्ष नसीरुद्दीन चिश्ती ने खारिज किया है। उन्होंने इसकी निंदा करते हुए कहा है कि इस्लाम में कहीं ऐसा नहीं कहा गया है। उन्होंने अभयमुद्रा को इस्लाम से जोड़ने को गलत बताते हुए इसकी निंदा की और कांग्रेस नेता से बयान सुधारने की मांग की है। चिश्ती ने मीडिया से बात करते हुए कहा, राहुल गांधी जी का संसद में जो बयान था जिसमें उन्होंने अभयमुद्रा का जिक्र किया है। अभयमुद्रा को इस्लाम से जोड़ना बिल्कुल गलत है। इस्लाम में दुआ मांगने को उन्होंने अभयमुद्रा से तुलना की है जो बिल्कुल गलत है। इस्लाम में ना तो मूर्ति पूजा है, हां हिंदू मजहब में विभिन्न मुद्राओं का जिक्र है और देवी देवताओं की पूजा होती है, लेकिन इस्लाम में पूजा भी नहीं होती है। इसलिए यह इस्लाम के मूल सिद्धांत के खिलाफ है कि अभयमुद्रा को इस्लाम से जोड़ा जाए। शायद राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के निशान को अभयमुद्रा कहने की कोशिश की है, लेकिन इसे इस्लाम से



जोड़ना गलत है। मैं इसकी निंदा करता हूं, उनको अपने बयान को दुरुस्त करना चाहिए। इससे पहले अजमेर शरीफ के गद्दी नशीं हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने भी राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति की। उन्होंने एएनआई से बातचीत में कहा, हमने राहुल गांधी का बयान सुना है जो उन्होंने अभयमुद्रा को इस्लामिक दुआ से जोड़ा है। लेकिन इस्लाम में ऐसा कहीं नहीं कहा गया है। राहुल गांधी को समझना चाहिए कि किसी विश्वास में प्रतीकात्मकता क्या है। इस्लाम में हम मानते हैं कि अल्लाह जन्नत और धरती को बनाने वाले हैं। लेकिन उनकी कोई छवि या प्रतीकात्मकता नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सदन में अपने पहले भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में हर वर्ग और व्यक्ति को डराते हैं जबकि कांग्रेस का निशान भगवान शिव, इस्लाम, गुरु नानक, महात्मा बुद्ध, महावीर की 'अभय मुद्रा' है जो देश में सत्य, अहिंसा और निर्भयता फैला रहा है। राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा में विपक्ष की अगुवाई करते हुए राहुल ने भगवान शंकर, गुरु नानक देव, महात्मा बुद्ध, महावीर, इस्लाम में इबादत के हाथों की तस्वीरें दिखाई और भारतीय जनता पार्टी पर हिंसा और नफरत फैलाने का आरोप लगाया। गांधी ने सदन में भगवान शिव का चित्र सदन में दिखाया, लेकिन अध्यक्ष ने उन्हें टोका तो उन्होंने सवाल किया कि क्या भगवान शिव के चित्र को नहीं दिखाया जा सकता है। भगवान शिव अभय मुद्रा में होते हैं। गुरु नानक जी अभय मुद्रा में होते हैं। भगवान महावीर का अभय मुद्रा वाला चित्र भी दिखाया। उन्होंने कहा कि सब महा पुरुषों ने अहिंसा की बात की, डर मिटाने की बात की और कहा कि डरो मत, डराओ मत। अभय मुद्रा का मतलब है कि डरो नहीं।

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच को लाइव स्ट्रीमिंग पर रिकॉर्ड 5.3 करोड़ दर्शकों ने देखा



**मुंबई, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच ने व्यूअरशिप के मामले में रिकॉर्ड बनाया है। कांटे की टक्कर का यह मैच बारबाडोस में खेला गया था। भारत ने मैच को जीतकर 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर दिया। इस मैच को रिकॉर्ड 5.3 करोड़ लोगों ने देखा। ओटीटी पर यह इस प्रतियोगिता के दौरान दर्ज की गई सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। यह मैच जबरदस्त रोमांच के चलते किसी भी टीम की ओर जा सकता था। अततः भारत ने इस मैच को 7 रनों से जीतकर रोहित शर्मा की कप्तानी में आईसीसी ट्रॉफी को उठाने में कामयाबी हासिल की।

व्यूअरशिप के मामले में नए कीर्तिमान पर बात करते हुए डिज्नी प्लस हॉटस्टार के हेड साजिद शिवनंदन ने कहा, आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए दोनों टीमों को बधाई। भारतीय टीम ने अविश्वसनीय कौशल और लगन से लाखों लोगों को खुशी और गर्व की अनुभूति कराई है। हमें इस बात पर गर्व है कि हमने इन पलों को उन तक पहुंचाया। भारत ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 176 रन बनाए थे। प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में मात्र 9 रन बनाकर ही आउट हो गए। दूसरी ओर विराट कोहली ने इस मुकाबले में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 76 रनों की मैच जिताने वाली पारी खेली। विराट को उनके शानदार योगदान के चलते प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया था।

### रोहित शर्मा के WOOOOO सेलिब्रेशन पर आया WWE रैसलर रिक फ्लेयर का कमेंट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर और कुश्ती के दिग्गज रिक फ्लेयर ने आखिरकार टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा की उस वीडियो पर प्रतिक्रिया दी है जिसमें भारतीय कप्तान ने कुश्ती दिग्गज का स्टाइल अपनाया था। रोहित ने भारत को ट्रॉफी दिलाने में खुब मेहनत की और बिना कोई मुकाबला गंवाए ट्रॉफी जीती। ट्रॉफी प्रस्तुति समारोह के दौरान रोहित ने जश्न मनाने के लिए विशेष वू सेलिब्रेशन का तरीका अपनाया था जोकि कुश्ती दिग्गज रिक फ्लेयर के रिंग के अंदर आने का स्टाइल था। फ्लेयर ने अब इस पर प्रतिक्रिया दी है और कुश्ती के दिग्गज ने कहा कि भारत के कप्तान ने उनकी प्लेबुक से एक पेज निकाल लिया है। बता दें कि टी20 विश्व कप जीत के बाद रोहित ने टी20ई से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी थी। रोहित ने कहा कि यह मेरा आखिरी गेम भी था। ईमानदारी से कहूं तो, जब से मैंने इस प्रारूप को खेलना शुरू किया है तब से मैंने इसका आनंद लिया है।

इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मुझे इसका हर पल पसंद आया है।

विंबलडनः मेदवेदेव भी अगले दौर में पहुंचने में सफल रहे

# कार्लोस अल्काराज ने जीत के साथ की शुरुआत



**लंदन, एजेंसी।** स्पेन के गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन की शानदार शुरुआत की। अल्काराज ने पहले दौर में क्वालिफायर मार्क लाजल को सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 से हराया और अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रहे।

विश्व रैंकिंग में 269 वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी लाजल ने हालांकि शुरुआती दो सेट में स्पेन के खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी।

तीन सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन में अपनी तीसरी बड़ी चैंपियनशिप जीतने वाले अल्काराज ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। पुरुष सिंगल्स वर्ग के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। गैर वरीयता प्राप्त कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने 19वें नंबर के खिलाड़ी निकोलस जैरी को 6-1, 7-5, 6-4 से हराया।

#### सक्कारी की आसान जीत

मारिया सक्कारी ने महिला सिंगल्स के अपने शुरुआती मुकाबले में मेकार्टनी केसलर 6-3, 6-1 से आसानी से शिकस्त दी। पिछले महीने फ्रेंच ओपन की उपविजेता रहीं सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी अपने चौथे प्रयास में पहली बार विंबलडन के पहले दौर की बाधा को पार करने में सफल रहीं। इटली की इस खिलाड़ी ने सारा सोरिब्स टोमों को 7-5, 6-3 से हराया।

#### सबालेंका विंबलडन से हटीं

तीसरी वरीयता प्राप्त अरिना सबालेंका कंधे में चोट के कारण सोमवार को विंबलडन से हट गईं।

दो बार की ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन को ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरुआती दिन पहले दौर में अमेरिका की एमिना बेक्टास से खेलना था।

सबालेंका ने एक सप्ताह पहले कंधे में दर्द का हवाला देते हुए बर्लिन लेडीज ओपन के क्वार्टर फाइनल के पहले सेट से हटने का फैसला किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी मांसपेशियों में चोट है और यह उनके लिए बहुत निराशाजनक है।

# विराट कोहली ने दिया पीएम मोदी को धन्यवाद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद कहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कोहली की तारीफ की थी, जिसके बाद विराट ने प्रतिक्रिया के तौर पर उनका शुक्रिया अदा किया है। विराट कोहली ने हाल ही में टी20 विश्व कप फाइनल जीतने के बाद इस प्रारूप से अपने संन्यास की घोषणा कर दी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा था- प्रिय विराट कोहली, आपसे बात करके अच्छा लगा। आपने फाइनल मैच में अपनी पारी की तरह भारतीय बल्लेबाजी को भी शानदार ढंग से एंकर किया है। ऐसा आपने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में किया है।

टी20 क्रिकेट आपको मिस करेगा, लेकिन मुझे भरोसा है कि आप खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे। इसकी प्रतिक्रिया में विराट कोहली ने पीएम का धन्यवाद करते हुए लिखा कि प्रिय नरेंद्र मोदी सर, आपके शब्दों व सपोर्ट के लिए आपका बहुत धन्यवाद और आपने हमेशा उत्साह बढ़ाया है।

इस टीम का हिस्सा होना गौरव की बात रही है जिसने विश्व कप ट्रॉफी को घर लाने का काम किया है। इस वजह से देश को जो खुशी मिली है, उसके चलते हम बहुत प्रभावित और अभिभूत हैं। टी20 विश्व कप फाइनल मुकाबले में विराट कोहली ने ओपनिंग में आकर 59 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली थी। भारत ने इस पारी के दम पर 176 रन बनाए थे, जिसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 169 रन ही बना सकी थी। विराट कोहली के अलावा कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी टी20 अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा कर चुके हैं।

चेस

# भारत में नहीं, इस देश में होगा विश्व चैंपियनशिप का मुकाबला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश का विश्व शतरंज चैंपियनशिप 2024 में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से सामना अपने घर में नहीं हो सकेगा। सिंगापुर ने इसकी मेजबानी के अधिकार जीत लिए हैं जिससे भारत की इसका आयोजन करने की उम्मीदों को झटका लगा है। फिडे ने सोमवार को विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर को सौंपने की घोषणा की। इसके मायने है कि



गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। तमिलनाडु सरकार और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने शतरंज की वैश्विक संस्था फिडे को मेजबानी के लिए अलग-अलग बोली सौंपी थी।

यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। फिडे ने कहा, सिंगापुर सरकार से समर्थन के साथ सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है। सभी दावेदारों की समीक्षा, आयोजन स्थलों, सुविधाओं, कार्यक्रम और मौकों की समीक्षा के बाद अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने सिंगापुर को चुना है।

फिडे अध्यक्ष अरकाडी ड्वोरकोविच ने कहा, हमें खुशी है कि फिडे के इतिहास में पहली बार, विश्व चैंपियनशिप का मैच सिंगापुर में होगा। सिंगापुर न केवल सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक पर्यटन और व्यापार केंद्रों में से एक है, बल्कि यह एक संपन्न शतरंज केंद्र भी है जहां कई प्रतिभाएं हैं। मैं दिल्ली और चेन्नई को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जो मेजबानी हासिल करने की दौड़ में थे और इन्होंने बोली लगाई थी।

#### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर किया था क्वालिफाई

भारत के 17 वर्षीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टोरंटो में अप्रैल में खेले गए कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया था। इसके साथ ही वह 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए थे। गुकेश कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने थे।

# लंका प्रीमियर लीग 2024 के मुकाबलों का भारत में इस चैनल पर होगा लाइव टेलीकॉस्ट

**कोलंबो, एजेंसी।** पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2024 समाप्त होने के एक दिन बाद लंका प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण शुरू हुआ। इसके साथ ही फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीग की




शुरुआत हो गई। लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) में श्रीलंकाई खिलाड़ियों के अलावा पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के भी कई दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज भी एलपीएल 2024 की फ्रेंचाइजी कोलंबो स्ट्राइकर्स का हिस्सा हैं।

कैंडी फाल्कंस उन तीन टीमों में से एक है जिसे रीब्रांड किया गया है। लंका प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण की शुरुआत सोमवार 1 जुलाई 2024 को गत विजेता कैंडी फाल्कंस और दाम्बुला सिक्सर्स के बीच मैच से हुई।


# जिम्बाब्वे के लिए टीम इंडिया रवाना, अब जूनियर्स के कंधे पर टी-20 की कमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 29 जून को फतेह प्राप्त करने के बाद अब एक दम नई टीम इंडिया का टी20 में टेस्ट शुरू होगा। भारतीय टीम 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए रवाना हो गई है। संन्यास लेने के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी इस टीम से नदारद होंगे। इस टीम की कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी गई है।

इसके अलावा टीम के इस दौरे के लिए हेड कोच राहुल द्रविड़ की जगह वीवीएस लक्ष्मण होंगे। राहुल द्रविड़ का बतौर हेड कोच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ सफर 29 जून को खत्म हो गया। इसी बीच टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे के लिए रवाना हो गई है, इसके फोटो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से शेयर किए गए। जहां टीम के साथ वीवीएस लक्ष्मण भी दिखे, जो भारतीय टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके अलावा BCCI ने फोटो शेयर किए, उसमें टीम के अन्य सदस्य भी दिख रहे हैं। इसमें पहली बार टीम इंडिया में शामिल हुए अभिषेक शर्मा और रियान पराग जैसे खिलाड़ी भी हैं। देखा जाए तो टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुख्य स्क्वॉड में शामिल 15 में से 13 खिलाड़ियों को इस दौरे से आराम दिया गया है।

रेसलिंग

# पहलवान बजरंग पूनिया ने नाडा पर किया पलटवार लगाया ये बड़ा आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पुरुष पहलवान बजरंग पूनिया ने राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) पर कड़ा पलटवार करते हुए बड़ा आरोप लगाया है। नाडा ने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए नमूने नहीं देने पर 23 अप्रैल को बजरंग को निलंबित कर दिया था। डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) से हालांकि बजरंग को राहत मिल गई थी, लेकिन नाडा ने 24 जून को बजरंग को दूसरी बार निलंबित कर दिया था। अब टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान ने आरोप लगाया कि खामियों को उजागर करने के कारण नाडा उनके करियर को खत्म करना चाहता है। एडीडीपी ने पहला निलंबन इस आधार पर हटा दिया था कि नाडा ने पहलवान को औपचारिक नोटिस देकर आधिकारिक तौर पर उस पर डोपिंग का आरोप नहीं लगाया था। इसके बाद नाडा ने उन्हें नोटिस जारी किया और उन्हें फिर से निलंबित कर दिया। विश्व चैंपियनशिप में कई बार पदक जीतने वाले इस 30 साल के खिलाड़ी ने दावा किया कि उन्होंने कभी नमूना देने से इनकार नहीं किया, बल्कि केवल इस बात का जवाब मांगा था कि नाडा ने दिसंबर 2023 में नमूना संग्रह के लिए एक एक्सपायर हो चुकी किट क्यों भेजी थी।


#### नाडा मुझे निशाना बना रहा

बजरंग ने एक्स पर लिखा, यह दर्शाता है कि नाडा मुझे कैसे निशाना बना रहा है, वे नहीं चाहते कि मैं किसी भी कीमत पर कुश्ती जारी रखूं। उनके पास कोई जवाब नहीं है और वे अपनी गलतियों की जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते, वे सिर्फ अपने छुटकारे के लिए एथलीट को परेशान करना चाहते हैं। नाडा नहीं चाहता कि कोई उनके गलत तरीकों पर सवाल उठाए और अगर कोई ऐसा करता है तो उसे निशाना बनाया जाता है ताकि वह अपना खेल जारी न रख सके। नाडा एक्सपायर हो चुकी किट के बारे में जवाब क्यों नहीं देता? नाडा इस बात का जवाब क्यों नहीं देता कि दो मैचों के बीच नमूना लेने के लिए मुझपर दबाव दिया गया, जबकि उन्हें पता था कि मेरे पास अगले मुकाबले की तैयारी करने के लिए केवल 20 मिनट थे।

यह नाडा द्वारा एक ही मामले में पहले निलंबन को निरस्त करने के बाद लगातार 2 महीनों में दूसरे निलंबन से संबंधित है। नाडा ने उन्हें दिए गए सभी तथ्यों को स्पष्ट रूप से नजरअंदाज कर दिया और मुझे फिर से निलंबित कर दिया।

बजरंग ने कहा कि इस मामले में वह हार नहीं मानेंगे। उन्होंने कहा, अगर नाडा अपने अहंकार के लिए पहलवानों के धैर्य और अपने अधिकारों के लिए खड़े होने के दृढ़ संकल्प को चुनौती देना चाहता है, तो उसे ऐसा करने दो। पहलवान यही है और अंत तक लड़ेगा। मेरे वकील समय पर अपना जवाब दाखिल करेंगे। बजरंग को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिए 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

# पेरिस ओलंपिक से ठीक पहले नीरज चोपड़ा ने लिया बड़ा फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक से पहले एक बड़ा फैसला लिया है। हाल में पावो नूरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले और पेरिस खेलों में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद नीरज रविवार को होने वाले पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, नीरज ने जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहजता के कारण इन खेलों से बाहर रहने का निर्णय लिया है।

#### पावो नूरमी खेल से शुरू की थी तैयारी

टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पिछले महीने पावो नूरमी खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की थी।

नीरज ने ओलंपिक से पहले हुए इन खेलों में 85.97 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे थे। नीरज इस टूर्नामेंट में पहले पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में शानदार वापसी की थी और अंत तक अपनी बढ़त को कायम रखने में सफल रहे थे।

#### पैर को मजबूत बनाने पर देंगे ध्यान

नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था, लेकिन मुझे लगा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रुक जाना ही ठीक है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते। उन्होंने कहा, ओलंपिक में स्वर्ण जीतने से पहले मैं हर प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहता था। अब अनुभव के साथ सही फैसले लेने लगा हूं। फिनलैंड में प्रदर्शन अच्छा था लेकिन अभी और काम करना होगा।

# विम्बलडन में ओसाका का जीत से आगाज

#### तीन साल बाद वापसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विम्बलडन का पहला राउंड सोमवार से शुरू हो गया। जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने जीत से शुरुआत की। तीन साल बाद इस ग्रैंड स्लैम में खेलने उतरी ओसाका ने पहले राउंड के मुकाबले में फांस की डायने पैरी को तीन सेट में 6-1, 1-6, 6-4 से हराया। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसका ने एक घंटे 32 मिनट में मुकाबला जीता। उनकी विम्बलडन में यह 2018 के बाद पहली जीत है। वहीं स्पेन के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम शानदार शुरुआत की।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने नर्सिंग कालेज घोटाला, पेपर लीक घोटाला सहित स्थानीय मुद्दो को लेकर प्रदर्शन करते हुए सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश मे जिला कांग्रेस कमेटियों ने नर्सिंग कालेज घोटाला पेपर लीक सहित स्थानीय मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौपा है। इसी कड़ी मे पन्ना जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा ने के नेत्रत्व में स्थानीय कलेक्टर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार तथा जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ताओ की उपस्थिती में महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर प्रतिनिधी तहसीलदार को ज्ञापन सौपा है। उक्त ज्ञापन में प्रदेश मे नर्सिंग कॉलेज की मान्यता संबंधी बड़ा घोटाला एवं पेपर लीक घोटाले लगातार हो रहें है। नर्सिंग कालेजो की मान्यता एवं संबंधित छात्र छात्राओ के भविष्य के साथ खिलवाड किया गया है। जिसमें चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सांरग तथा तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा के अपर सचिव मोहम्मद





सुलेमान तथा आयुक्त निशांत बडवरे की भूमिका भी संदिग्ध है। कालेजो की जांच भी कराई गई थी। लेकिन उक्त जांच मे भी व्याप्क स्तर पर भ्रष्टाचार के मामले सामने आये है। समस्त प्रकरण की जांच कराई जाये तथा दोषीयो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही स्थानीय मुद्दो का भी उल्लेख ज्ञापन मे किया गया है। जिसमें पन्ना जिले मे सहकारी समतियों में किसानो को खाद्य बीज नही मिल रहा है तथा काला बाजारी की जा रही है। अघोषित बिजली कटोती चल रही है, अनावश्यक रूप से बिजली विभाग द्वारा गरीब एवं किसानो के खिलाफ चोरी के प्रकरण बनाये जा रहें है। जिस पर भी कार्यवाही की जाये। ग्रामीण अंचलो मे पानी की समस्याओ पाईप लाईन बिछाई जा रही है जिसके चलते पन्ना नगर सहित ग्रामिण क्षेत्रा मे सीसी रोडे, खोदी जा रही है। जिससे वर्षात के समय भारी समस्या उत्पन्न हो रही है। पहाडी खेड़ा रोड जनकपुर मे अल्प वर्षा के चलते लोगो के घरो मे पानी भर गया तथा ग्रहस्थी का समान नष्ट हो गया इसकी भी जांच कर कार्यवाही की जाये। जिले के विभिन्न विभागो मे पहले भ्रष्टाचार तथा भ्रष्टाचार मे लिप्त दोषी अधिकारीयो कर्मचारीयो के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये। ज्ञापन देने वालो मे मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह, पूर्व नपा उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह परमार, पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी, वरिष्ट कांग्रेस नेता राजेश तिवारी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष सेवालाल पटेल, सेवादल अध्यक्ष राम बहादुर द्विवेदी, प्रेम प्रकाश पान्डेय, राकेश गर्ग, मनीष मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूर, अजयगढ दादूराम पान्डेय, गुनौर बबलू गौतम, पन्ना अक्षय तिवारी, मार्तण्डदेव बुन्देला, मुरारी लाल थापक, पिछडा वर्ग अध्यक्ष राजबहादुर पटेल, अनुसूचित जाति अध्यक्ष जीतेन्द्र जाटव, अनीष खान, पूर्व नपा अध्यक्ष हक्कून दहायत, शशिकांत दीक्षित, अनीष खान, पार्षद वैभव थापक, रेहान मोहम्मद, भूपेन्द्र सिंह परमार, नरेन्द्र विश्वकर्मा, भूपेन्द्र बुन्देला, कमल राजपूत, नत्थु पटेल, प्रहलाद यादव, दानचन्द्र जैन, सूरज प्रसाद, अबरार मोहम्मद, सेख मोहम्मद, सरदार सिंह यादव, रजनीश मिश्रा, लखन केवट, व्हीएन जोशी, संतोष तिवारी, संतोष मिश्रा, राम बहादुर पान्डेय, लखन केवट, जानकी पुरोहित, शनिराजा परमार, बृजेन्द्र बुन्देला, केशरी अहिरवार, राम गोपाल, रामभरोसी, किसन अग्रवाल, जीतेन्द्र यादव, हिम्मत बागरी, रामेश्वर प्रसाद, राम मिलन चौधरी, भोलेखान, जगदेव सिंह, चन्द्रिका प्रसाद, रहीम खान, राजभान सिंह, श्रवण तिवारी, सौरभ पान्डेय, ऋषि राज सिंह, शशिकांत दीक्षित, राधिका प्रसाद, सौरभ पटैरिया सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहें।

## बरहाकलॉ विद्यालय रहता है बंद, छात्रो का भविष्य अंधकार में

**पन्ना।** जिले की शैक्षणिक व्यवस्था बदहाल है समय से शिक्षक विद्यालयो मे नहीं पहुंचते है, अधिकांश शिक्षक तहसील मुख्यालय या जिला मुख्यालय से अप-डाउन करते है तथा समय के बाद विद्यालय पंहुचते है और समय के पहले ताला लगाकर भाग आते है। इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत माध्यमिक शाला बरहाकलॉ का प्रकाश मे आया है, जहां पर विद्यालय मे ताला लगा हुआ है तथा एक शिक्षक एवं छात्र विद्यालय के बाहर पेंड़ के नीचे बैठे हुए है क्योकि प्रभारी प्रधानाध्यापक समय से स्कूल नहीं पंहुचते है और वह अपने पास ही विद्यालय की चाबी रखते है, जब वह विद्यालय पंहुचते है तो विद्यालय खोला जाता है। स्थानीय अभीभावको ने बताया कि इस प्रकार कि स्थिती वर्षो से चल रही है। अनेको बार बीआरसी तथा संकुल प्राचार्य से शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन उसके बावजूद व्यवस्था मे कोई सुधार नही हुआ है। स्थानीय लोगो ने नवागत जिला शिक्षा अधिकारी से शैक्षणिक व्यवस्था सुधारे जाने की मांग की है।

## अब ग्राम पंचायतो मे होगी जनसुनवाई कलेक्टर ने आदेश किये जारी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम अब जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक तथा संबंधित विभागों के मैदानी कर्मचारियों द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित रहकर ग्रामवासियों की समस्याएं सुनी जाएंगी और समय सीमा में आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर द्वारा ग्रामवासियों से आग्रह किया गया है कि शासकीय विभागां से संबंधित छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण के लिए अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय तक आवागमन न करें, बल्कि स्थानीय स्तर पर ही ग्राम पंचायत की जनसुनवाई में पहुंचकर किसी भी प्रकार की समस्याओं के निराकरण के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर श्री कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि में आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया है। ग्राम पंचायत स्तर की जनसुनवाई के लिए पर्यवेक्षण अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है।

## कलेक्टर ने नचने पहुंचकर पुरातत्व सर्वेक्षण कार्य का लिया जायजा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को गुनौर अनुविभाग अंतर्गत ग्राम नचने पहुंचकर चौमुखनाथ मंदिर परिसर का अवलोकन किया। यहां भारतीय पुरातत्व विभाग के सर्वेक्षण कार्य का जायजा भी लिया। जिला कलेक्टर द्वारा पुरातत्व विभाग जबलपुर से आए अधीक्षक शिवाकांत वाजपेयी के साथ खुदाई कार्य और पहली से पांचवी शताब्दी के संभावित पुरातात्विक महत्व की प्रतिमाओं के संरक्षण और प्राचीन शिव मंदिर परिसर में विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान परिसर में बेहतर विकास कार्यों और सौन्दर्यीकरण सहित पहुंचमार्ग को दुरूस्त करने के बारे में भी चर्चा हुई।

## खेल पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न खेल पुरस्कारों के लिए आगामी 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुकजन एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह पुरस्कार विभाग के नवीन पुरस्कार नियम 2021 के अनुसार विगत पांच वर्ष एक अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2024 की अवधि में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार की पात्रता, राशि और अन्य शर्तें विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन उपरांत आवेदन की प्रति के साथ खेल प्रमाण पत्र और अन्य अभिलेखों की छायाप्रति संलग्न कर जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय पन्ना अथवा संचालनालय खेल और युवा कल्याण टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में निर्धारित तिथि तक जमा कराना अनिवार्य है।

## राष्ट्रगीत का हुआ सामूहिक गायन



**पन्ना।** जुलाई माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम का सामूहिक गायन हुआ। राष्ट्रगीत के गायन के बाद शासकीय कार्य की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## इलेक्ट्रॉनिक आइटम के गोदाम में लगी आग, किसी तरह पाया काबू

**सतना।** भरहुत नगर स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स गोदाम में सोमवार सुबह आग लग गई। आग से सामान जलने का अनुमान है। कोलगवां थाना अंतर्गत रिहायशी कॉलोनी भरहुत नगर में भीष्म सचदेवा की एक बिल्डिंग है। ऊपर सचदेवा रहते हैं, जबकि नीचे उन्होंने इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स आइटमों का गोदाम बना रखा है। सुबह करीब साढ़े 9 बजे सचदेवा ने ही गोदाम से धुआं निकलते देखकर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी।



जब तक दमकल मौके पर पहुंचती आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।आग की लपटें गोदाम के साथ ही ऊपरी माले तक पहुंचने लगीं। बारिश होने के बाद भी आग बढ़ती चली गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने करीब 40 टैंकर पानी की मदद से आग पर काबू पाया।बताया जा रहा है कि सचदेवा के पास कई कंपनियों की डीलरशिप है। वे बिजली उपकरणों के अलावा टीवी, फ्रीज, एसी जैसे उपकरणों का भी कारोबार करते हैं। उनका माल इसी गोदाम में रहता है।

बिजली के तारों- पाइप और स्विच बोर्ड, पंखे आदि समेत इन तमाम आइटमों का गोदाम में भारी स्टॉक था। आशंका जताई जा रही है कि गोदाम में यह आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी। पुलिस और नगर निगम की फायर सेफ्टी टीम ने जांच शुरू कर दी है।

## वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए आवेदन 8 जुलाई से

**पन्ना।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए आगामी 8 से 28 जुलाई तक वायु सेना भर्ती की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन होंगे। भर्ती के इच्छुक आवेदक भर्ती के लिए जारी विज्ञापन और शैक्षणिक योग्यता इत्यादि के संबंध में अधिक जानकारी वेबसाइट के जरिए प्राप्त कर सकते हैं। प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी राजेश पटेल ने बताया कि 03 जुलाई 2004 से 03 जनवरी 2008 के मध्य जन्मे युवा अग्निवीर वायु के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की लिंक एमपी रोजगार पोर्टल पर भी उपलब्ध है। भर्ती के लिए अविवाहित पुरूष व महिला उम्मीदवार पात्र हैं। ऑनलाइन परीक्षा तिथि आगामी 18 अक्टूबर से प्रस्तावित है।

## जिला सहकारी बैंक कें बिजल एकाउन्ट में दो करोड़ का घोटाला करने वालो के खिलाफ अभी तक नही हुआ मामला दर्ज

### विधानसभा मे भी उठ चुका है मामला

**पन्ना।** जिला सहकारी के केंद्रीय बैंक (मर्यादित) पन्ना में वर्ष 2017 से 2023 के बीच तात्कालीन महाप्रबंधक मानवेंद्र सिंह, लिपिक अनुपमा सिंह, पुस्पेंद्र बुंदेला, लेखापाल राजेश कोरी, अंजली असाटी द्वारा अपनी आईडी से बीजीएल अकाउंट से कई करोड़ की राशि अपने परिजनों और अन्य खातों में स्थानांतरित कर गबन का मामला सामने आया था। जिसकी लिखित शिकायत उपरांत जिला महाप्रबंधक एस के कनौजिया द्वारा 18/09/2023 को पत्र क्रमांक 1153 जारी कर अमित श्रीवास्तव और इलियास खान के नेत्रत्व में जांच टीम गठित की गई थी तथा टीम द्वारा संपूर्ण मामले की जांच कर दोषियो के खिलाफ प्रतिवेदन सौप दिया गया था। गौरतलब है कि उक्त पांच सदस्यीय टीम ने दोषी रहें महाप्रबंधक मानवेन्द्र सिंह को ही शामिल किया गया था। जबकी जो व्यक्ति स्वंय दोषी है उसको ही जांच टीम मे शामिल किया जायेगा तो निश्पक्ष जांच कैसे होगी। उसके बाद जांच टीम पर प्रश्न खड़े होने पर मानवेन्द्र सिंह को हटा दिया गया था। शिकायत के 8 माह बीत जाने के बाद भी जांच का पूर्ण न हो पाना अपने आप में जिला महाप्रबंधक की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। लगातार शिकायतों के बाद जिला महाप्रबंधक जो की सरकारी राशि के गबन में फसे कर्मचारियों को बचाने की कवायद में जुटे है उनके द्वारा जारी एक नोटिस (जिसमे अनाधिकृत रूप से आहरित राशि को जमा करने के आदेश दिये गये थें) उसके बाद संबंधितो द्वारा कुछ राशि जमा भी की गई। जिससे यह स्पष्ट हो गया कि उक्त दोषीयो द्वारा गवन किया गया है और यह पूर्ण सबूत माना जाना चाहीए। गबन कैसे हुआ जिला सहकारी बैंक(मर्यादित) में एक डाटा रजिस्टर होता है जिसे बीजीएल अकाउंट के नाम से जाना जाता है जिसमे बैंक में आने वाली राशि और आहरित राशि (मय विवरण के दर्ज की जाती है। इसमें राशि का आहरण बैंक में पदस्थ लिपिक द्वारा बाउचर भर के लेखपाल द्वारा पास कराया जाता है और राशि बाउचर के आधार पर एनईएफटी/आरटीजीएस/ट्रांसफर के माध्यम संबंधित खाते में स्थानांतरित हो जाती है जिसपर लेखा प्रबंधक द्वारा वेरिफिकेशन किया जाता है की उक्त राशि का आहरण सही जगह हुआ है या नही। इसी दौरान लिपिक, लेखापाल और लेखाप्रबंधक की मिली भगत से राशि को अपने परिचित, स्वजनों के। खाते में डाल कर गबन किया गया था। उक्त मामले को लेकर गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा ने विधानसभा मे भी प्रश्न उठाया है। कि अभी तक दोषीयो के खिलाफ आपराधिक मामला क्यो दर्ज नही कराया गया है। उसके बावजूद अभी तक बैंक महा प्रबंधक व दोषियो को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। जबकी मामला स्पष्ट है हो जाने के बाद तत्काल पुलिस मे आपराधिक मामला दर्ज होना चाहीए। आंगे देखना है, फर्जीवाडा करने वालो के खिलाफ कब तक आपराधिक मामला दर्ज होता है। मामले मे जांच तथा अन्य कार्यवाहीयां को लेकर एक वर्ष से अधिक बीत चुका है। उसके बावजूद यह गंभीर मामला अभी भी जांच के नाम पर लटका हुआ है।

आखिर किसका दबाव महाप्रबंधक तथा जिम्मेवारो पर है। यह अभी भविष्य के गर्त में है। पन्ना जिले के अनेक विभागो मे व्याप्क स्तर पर फर्जीवाडा तथा भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहें है। अभी कुछ दिन पूर्व अजयगढ स्वास्थ विभाग का मामला भी सामने आया था। सिजमें चार बीएमओ सहित चार के खिलाफ पुलिस थाना अजयगढ में आपराधिक मामला दर्ज हो चुका है।

## कलेक्टर ने एक अक्टूबर तक रेत खदानों को किया प्रतिबंधित

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने पन्ना जिले में इस वर्ष भी मानसून ऋतु की अवधि में 30 जून की मध्य रात्रि के पश्चात् से आगामी एक अक्टूबर तक जिले में स्थित नदियों की समस्त रेत खदानों को पूर्णत: प्रतिबंधित किया है। जिला कलेक्टर द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरण निर्धारण प्राधिकरण (सिया) द्वारा जारी निर्देशों और खनिज साधन विभाग के परिपत्र अनुसार मानसून आधारित खदान बंद करने की तिथि घोषित की गई है। इस संबंध में भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भी गाइडलाइन जारी की गई है, जिसके तहत भारतीय मौसम विज्ञान केन्द्र नागपुर द्वारा मध्यप्रदेश में मानसून ऋतु की अवधि 15 जून से एक अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## जुलाई माह में लगातार होगी झमाझाम वारिश : भविष्य वक्ता

**पन्ना।** पूरे देश मे जुलाई माह में झमाझम वारिष होने की भविष्यवाणी जिले के जानेमाने भविष्य वक्ता अब्दुल समद खान नूरी द्वारा की गई है। उन्होने कहा कि जिस तरह से इस वर्ष व्याप्क स्तर पर ठंण्ड एवं गर्मी का मौसम रहा है, उसके संतुलन को देखते हुए वारिष भी पर्याप्त रूप से होगी। लेकिन इस दौरान आकाशीय बिजली, गिरने से दुर्घटनाओ की संभावनाए भी अधिक हांगी। ज्ञात होगी जाने माने भविष्य वक्ता श्री नूरी द्वारा समय समय मे अनेक मुद्दो पर भविष्य वाणींया की है। जो आंगे चलकर सच साबित हुई है। उन्होने आगें कहा कि देश की राजनीति में भी आंगे आने वाले समय मे उथल पुतल की संभावनाए भी अधिक देखी जा रही है। जिसमें अनेक सरकारे गिरेगीं तथा नई सरकारे भी बनेंगी।

## पन्ना टाइगर रिजर्व बंद, 1 अक्टूबर से खुलेंगा

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के सभी छह टाइगर रिजर्व में बांधवगढ़, कान्हा, पेंच, सतपुड़ा, पन्ना और संजय धुबरी को 1 जुलाई से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। हालांकि कुछ टाइगर रिजर्व के बफर जोन में टाइगर सफारी जारी रहेगी। पन्ना टाईगर रिजर्व एक अक्टूबर से पुन: खोला जायेगा उसके बाद पर्यटक वन्य जीवो का दीदार कर सकेंगें।

## नए कानून के तहत जिले की पहली एफआईआर मझगवां थाने में हुई दर्ज

**सतना।** 1 जुलाई की मध्य रात्रि से समूचे देश में लागू किए गए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत जिले में पहला अपराध मझगवां थाने में पंजीबद्ध किया गया है, जबकि पूर्व में सीआरपीसी की धारा 154 के तहत एफआईआर लिखी जाती थी, तो वहीं कोलगवां और कोटर थानों में अप्राकृतिक मृत्यु पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के अंतर्गत मर्ग कायम किए गए हैं।

इसमें पहले सीआरपीसी की धारा 174 को उपयोग में लाया जाता था, इसके अलावा असंज्ञेय अपराधों में कार्रवाई के लिए सीआरपीसी की धारा 155 का प्रयोग किया जाता था, जो कि बीएनएसएस में 174 हो चुकी है। पुलिस कप्तान आशुतोष गुप्ता ने बताया कि नए कानूनों को अमल में लाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं, सीसीटीएनएस साफ्टवेयर में बदलाव को भी लागू किया जा चुका है। मझगवां टीआई आदित्य नारायण सिंह धुर्वे ने बताया कि हिरौंदी निवासी रोहित पुत्र रामप्रताप साहू 22 वर्ष, घर में ही किराने की दुकान चलाता है। 1 जुलाई को रात 12 से सुबह 4 बजे के बीच अज्ञात बदमाश दरवाजे में लगी कुंडी उखाडक़र अंदर घुस गए और दुकान से लगभग 58 सौ रुपए का सामान चोरी कर लिया।

यह बात पता चलने पर पीड़ित ने सोमवार की सुबह थाने पहुंचकर शिकायत की, जिस पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4) और 305(ए) के तहत कायमी की गई, जबकि पूर्व में प्रचलित कानून में आईपीसी की धारा 457 और 380 का उपयोग किया जाता था।

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागवार लंबित प्रकरण और इनके निराकरण के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान समयावधि में विभागीय और हितग्राहीमूलक प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में लंबित टीएल और जनसुनवाई पत्रों सहित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए शिकायतकर्ता से बात कर विभागवार रैंकिंग व श्रेणी में सुधार करने तथा अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी गंभीरतापूर्वक दायित्वों का निर्वहन कर शिकायतों के निराकरण के संबंध में निर्देशित करने के लिए कहा। साथ ही आगामी 10 दिवस में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। लोक सेवा गारण्टी अधिनियम की नागरिक सेवाओं को समय-सीमा बाह्य होने के पूर्व ही अनिवार्य रूप से निराकरण के लिए निर्देशित किया गया।

जिला कलेक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया कि प्रत्येक सोमवार को टीएल बैठक पूर्व निर्धारित समय सुबह 11 बजे से होगी। इसमें निर्धारित एजेण्डा सहित अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। किन्हीं कारणोंवश सोमवार को अवकाश होने की स्थिति में टीएल बैठक के दिवस और समय के बारें में पूर्व सूचित किया जाएगा।

कलेक्टर श्री कुमार ने टीएल बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को जनसमस्याओं के शीघ्र निराकरण के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए।




इस दौरान पीएचई के ईई एवं जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक को वर्षाकाल में सड़कों के आवश्यक रीस्टोरेशन वर्क के लिए निर्देशित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह उद्योग विभाग के महाप्रबंधक को परंपरागत शिल्पी व हथकरघा मार्केट के लिए आवश्यक समन्वय के लिए निर्देशित किया गया। पीओ डूडा को मोहन्द्रा एवं महेबा ग्राम पंचायत के नगर परिषद के रूप में उन्नयन अथवा मापदण्ड पूरा नहीं करने पर वांछित कार्यवाही, विभिन्न स्थानों पर खेल स्टेडियम के लिए जमीन आवंटन, न्यायालयीन अवमानना याचिकाओं में जवाबदावा प्रस्तुत करने सहित गेहूं एवं मसूर व सरसों उपार्जन तथा किसानों को भुगतान की स्थिति के संबंध में जानकारी ली।

इस दौरान अनुपयोगी बोरवेल को ढंकने तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के प्रकरणों में अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत मुआवजा वितरण कार्य नियमित रूप से सुनिश्चित कराने तथा रूंझ व मझगांय बांध के शेष मुआवजा वितरण और सतना-पन्ना रेलवे लाइन के मुआवजा वितरण के बारे में जानकारी लेकर जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्व महाअभियान में गरीब व आदिवासियों के फौती नामांतरण के संबंध में राजस्व अधिकारियों से की गई कार्यवाही तथा अद्यतन स्थिति के बारे में पूछा। कलेक्टर ने विगत दो शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के सभी पात्र विद्यार्थियों को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति वितरण नहीं होने पर नाराजगी जताई और जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत रहे शेष पात्र छात्र-छात्राओं की स्कॉलरशिप वितरण के लिए अभिभावकों व बैंक स्तर पर आवश्यक समन्वय कर कमी दूर कराने और सभी दस्तावेजों में एकरूपता की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। नवीन स्वीकृत चार सीएम राइज स्कूल के भवन के लिए जमीन आवंटन, महेन्द्र भवन से शासकीय कार्यालयों द्वारा रिक्तता की कार्यवाही, वन व्यवस्थापन, भूमि से समग्र आईडी लिंकिंग की कार्यवाही, वर्षाकाल में नालों से अतिक्रमण हटाने व साफ-सफाई, जर्जर भवनों के नगरीय निकायवार चिन्हांकन, जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियां निरंतर जारी रखने सहित वृक्षारोपण अभियान व पौधों की सुरक्षा के संबंध में वांछित जानकारी से जिला पंचायत कार्यालय को अवगत कराने तथा सड़क व पुल-पुलिया मरम्मत और बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य सहित कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के संबंध में चर्चा हुई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 03 जुलाई 2024




स्वच्छ भारत मिशन 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रीवा में एक दिवसीय बैक लेन सौंदर्यीकरण अभियान का संचालन शहर के वार्ड क्र. 06, 15, 26, 33 एवं 42 में किया गया।




## जन सुनवाई में अपर कलेक्टर विकास ने की 120 आवेदन पत्रों में सुनवाई



**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जन सुनवाई में अपर कलेक्टर विकास डॉ सौरभ सोनवणे ने आमजनता के 120 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सात दिवस में आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जन सुनवाई में सीमांकन, जमीन से अवैध कब्जा हटाने, पेंशन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति, नक्शा तरमीम, हैण्डपंप लगाने, उपचार सहायता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा ने भी आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की।

जन सुनवाई में वीरेन्द्र मिश्रा निवासी भटिगवां ने उनके घर के पास अवैध रूप से खोदे गए नाले को बंद कराने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम जवा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। रामगोपाल यादव निवासी टीकर ने जमीन के स्वामित्व के संबंध में तहसीलदार द्वारा दिए गए आदेश का पालन कराते हुए शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। लक्ष्मीकांत द्विवेदी निवासी बंजारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनाई गई गोरगांव रोड में सुधार के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने जिला प्रबंधक पीएमजीएसवाई को कार्यवाही के निर्देश दिए। मुकद्दर बेग निवासी रीवा ने घोघर मोहल्ले की पुस्तैनी जमीन से अवैध कब्जा हटाने तथा आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए।

जन सुनवाई में रमाशंकर गौतम निवासी ग्राम बजरा ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। मीकूलाल साकेत निवासी डाड़ी टोला सरई ने हरिजन बस्ती में हैण्डपंप लगाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। उमाशंकर मिश्रा निवासी सगरा ने खसरे में कूट रचना करके जमीन में किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए। रमाकांत पाण्डेय निवासी नौवस्ता ने सीमेंट प्लांट द्वारा अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा देने के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बाबूलाल कोल तथा ग्राम बेलवा पैकान के 20 निवासियों ने 50 घरों की बस्ती का आम रास्ता रोकने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने एसडीएम मनगवां को मौके पर कार्यवाही कर आम रास्ता को खुलवाने के निर्देश दिए।

## जिले में अब तक 62.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में दो जुलाई को 12.2 मिलीमीटर दैनिक वर्षा दर्ज की गई। इस दिन जिले में सर्वाधिक सिरमौर में 30 मिलीमीटर तथा गुढ़ में 22 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 62.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 126.3 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 15 मिलीमीटर, गुढ़ में 57 मिलीमीटर, सिरमौर में 81.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 36 मिलीमीटर, सेमरिया में 95 मिलीमीटर, मनगवां में 29 मिलीमीटर तथा जवा तहसील में 61 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 73.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## मऊगंज में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**रीवा।** मऊगंज जिले में वर्षाकाल के दौरान जल भराव, पानी निकासी, बाढ़ की स्थित पर निगरानी रखने तथा राहत एवं सहायता तथा बाढ़ राहत प्रबंधन हेतु जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट मऊगंज में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम करेंगा। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मि चतुर्वेदी को बनाया गया है। उनका मोबाइल नंबर 799859590 है। कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में सुबह की पाली में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक अरूण इंगला मोबाइल नंबर 9713602131 एवं कौशलेन्द्र सिंह मोबाइल नंबर 9179822952 को नियुक्त किया है। जबकि दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय मोबाइल नंबर 8827857848 तथा रामलखन द्विवेदी मोबाइल नंबर 8827937530 की ड्यूटी लगायी है। इसी प्रकार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक सुरपाल चौहान मोबाइल नंबर 7898704949 एवं वीरेन्द्र कुमार मिश्र मोबाइल नंबर 9553385226 को नियुक्त किया गया है। रिजर्व के तौर पर उमेशचन्द्र हतागले मोबाइल नंबर 8982178085 तथा प्रेमलाल हरिजन मोबाइल नंबर 9755460196 रहेंगे। कलेक्टर ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में दैनिक जानकारी पंजी में संधारित कर अपर कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर को प्रेषित करने के निर्देश दिये हैं।

## मऊगंज जिले में टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में टीएल बैठक 3 जुलाई को अपरान्ह एक बजे से कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में आयोजित की गयी है। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

## पिछड़ावर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक बालक एवं कन्या छात्रावास में प्रवेश के लिये 31 जुलाई को शाम 6 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। सहायक संचालक योगेन्द्र राज से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बालक छात्रावास में 16 छात्रों को तथा कन्या छात्रावास में 100 छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा तकनीकी संस्था प्रमुखों से छात्रावास में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं को सूचित करने की अपेक्षा की है। प्रवेश के संबंध में आवेदन छात्रावास अधीक्षक तथा कार्यालय कलेक्टर पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण कक्ष क्रमांक 15 कलेक्टर कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर एवं चेयर पर्सन श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय न्यास लोकल लेवल कमेटी की बैठक 3 जुलाई को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित की गयी है। समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## लेखा प्रशिक्षण के लिए 25 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** लिपिक वर्गीय कर्मचारियों एवं अर्द्धशासकीय विभाग के कर्मचारियों के लिए एक अगस्त से 15 अक्टूबर तक लेखा प्रशिक्षण दिया जायेगा। लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के लिए इच्छुक कर्मचारी 25 जुलाई तक आवेदन भेजे दें। लेखा प्रशिक्षण के प्राचार्य ने बताया कि अर्द्धशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को 2 हजार रूपये का चालान शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवाएं 800 अन्य प्राप्तियों 00-101-0000-00 में जमा कराकर आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी शामिल हो सकेंगे जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष से अधिक हो तथा जो हिन्दी मुद्र लेखन, सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण हो।

## पंजीकृत मजदूरों को खाद्यान्न पर्ची जारी करने के लिए दल तैनात

### कलेक्टर ने प्रत्येक पंजीकृत मजदूर को खाद्यान्न पर्ची जारी करने के दिए निर्देश

**रीवा**

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी मजदूरों को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिया जा रहा है। पंजीकृत मजदूरों को खाद्यान्न पर्ची जारी करने के लिए ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के लिए दल तैनात कर दिए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने खाद्यान्न पर्ची जारी करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में दल गठन के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। प्रत्येक ग्राम पंचायत में उचित मूल्य दुकानदार नोडल अधिकारी होगा। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता तथा कोटवार मिलकर पंजीकृत मजदूरों का सर्वे कर सूची तैयार करेंगे। उचित मूल्य दुकानदार सूची के मजदूरों का नाम खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल कर खाद्यान्न पर्ची जारी कराएं। कलेक्टर ने बताया कि नगरीय निकायों के लिए नगर निगम में उपायुक्त तथा नगर पंचायतों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रत्येक वार्ड में उचित मूल्य दुकान के दुकानदार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। पात्र मजदूरों का सर्वे करने की जिम्मेदारी नगरीय प्रशासन के राजस्व निरीक्षक, वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा आशा कार्यकर्ता को दी गई है। सर्वे दल खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकता परिवार के श्रेणी के दस्तावेज पंजीकृत श्रमिकों से प्राप्त करके उसे उचित मूल्य दुकानदार को उपलब्ध कराएंगे। एम राशन मित्र पोर्टल से पात्र मजदूरों को खाद्यान्न पर्ची जारी की जाएगी। सभी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नए पात्र परिवारों की तय समय सीमा में मैपिंग कराएं। जिन पंजीकृत मजदूरों को पहले से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा है उनका ई केवाईसी अनिवार्य रूप से कराएं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को मजदूरों को पंजीयन तथा उन्हें खाद्यान्न पर्ची जारी करने की प्रगति की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।

## मतदाता सूची के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तैनात

**रीवा।** पंचायत राज संस्थाओं के रिक्त पदों के चुनाव के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार की जा रही है। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तैनात किए हैं। जनपद पंचायत रीवा के लिए एसडीएम हुजूर वैशाली जैन को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार विन्ध्या मिश्रा एवं नायब तहसीलदार अरूण यादव को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान में एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सुमित कुमार गुप्ता प्रभारी तहसीलदार तथा शारदा प्रसाद प्रजापति नायब तहसीलदार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। जनपद पंचायत गंगेव में एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। यहाँ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार रमाकांत तिवारी, नायब तहसीलदार राजेश शुक्ला तथा नायब तहसीलदार श्रीमती साधना सिंह को तैनात किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत सिरमौर में एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में तहसीलदार सेमरिया आँचल अग्रहरि, नायब तहसीलदार सेमरिया अर्जुन बेलवंशी, तहसीलदार सिरमौर अरूण यादव तथा एएसएलआर मनोज शुक्ला को तैनात किया गया है। जनपद पंचायत त्योंथर में एसडीएम संजय जैन को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। तहसीलदार त्योंथर राकेश तिवारी, नायब तहसीलदार वीरेन्द्र द्विवेदी, नायब तहसीलदार भगवानदास रैदास तथा नायब तहसीलदार द्वारिका प्रसाद दहायत को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। जनपद पंचायत जवा में एसडीएम जवा पीयूष भट्ट को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में नायब तहसीलदार राजकुमार टांडिया तथा प्रभारी तहसील राजेन्द्र शुक्ला को तैनात किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदाता सूची निर्माण के निर्देश दिए हैं।

## शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त की कार्यवाही



**रीवा।** शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 02.07.2024 को कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी एवं सहायक यंत्री श्री अम्बरीश सिंह के नेतृत्व में सिरमौर चौराहा से कालेज चौराहा तक अवैध रूप से रखी गई दर्जनों गोमतियो को हटाने की कार्यवाही की गई। उक्त गोमतियों के कारण प्रमुख मार्ग अवरूद्ध होता था एवं आवागमन हेतु आमजन को समस्या का सामना करना पड़ता था। उक्त गोमतियों को अतिक्रमणकारियों द्वारा जमाकर रखा गया था जिसको जेसीबी की मदद से उखाड़ कर अतिक्रमण प्रभारी श्री सुखेन्द्र चतुर्वेदी द्वारा गोमतियों के जप्ती की कार्यवाही की गई। साथ ही समझाइस दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर संबंधित के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। पीके स्कूल के सामने प्रिंस गारमेंट्स और कंचन ड्रेस के द्वारा दुकान के सामने सड़क पटरी पर गाड़ियां खड़ी करवा कर यातायात बाधित किया जा रहा था जिसे अतिक्रमण प्रभारी द्वारा मौके पर पहुँचकर वाहन हटाये जाने हेतु कहा गया। समझाइस के बाद भी सुधार नही होने पर गाड़ियां को क्रेन की मदद से हटवाते हुए दुकानदारों के ऊपर रुपये 2000 की चालानी कार्रवाई की गई।

## वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह

**रीवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जिले में प्री मानसून वर्षा शुरू हो गई है। शीघ्र ही वर्षाकाल शुरू हो जाएगा। वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं। अतः भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें। शुद्ध पेयजल की कमी के कारण देश में जलजनित रोगों से सबसे अधिक यानि लगभग 80 प्रतिशत मौतें होती हैं। पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं। बच्चों में दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। सड़े-गले फल एवं खाद्य पदार्थों का उपयोग न करें। खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें। खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोयें, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिये एवं रूमाल का उपयोग करें, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार-बार आंखों को हाथ न लगायें, धूप के चश्मे का प्रयोग करें, चिकित्सक को दिखायें। बरसात में मलेरिया और डेंगू रोग भी फैलता है जिसमें मरीज को ठण्ड लगकर बुखार आता है। प्रायः खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आसपास रखे हुए टूटे-फूटे डब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का नाद इत्यादि में बरसात के दिनो में जल जमा हो जाता है। जिसमें मच्छर के लार्वा पैदा होते हैं जो बाद में मच्छर बनकर रोग फैलाते हैं। मलेरिया से बचाव हेतु घर के आसपास जल जमा न होने दें, रूके हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ ऑईल डालें।

## स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत किये गये कार्यक्रम

**रीवा।** स्वच्छ भारत मिशन 2024 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रीवा में एक दिवसीय बैक लेन सौंदर्यीकरण अभियान का संचालन शहर के वार्ड क्र. 06, 15, 26, 33 एवं 42 में किया गया। जिसमें नागरिकों द्वारा बैक लेन सौंदर्यीकरण के लिये श्रमदान किया गया साथ ही बैक लेन में रंगोली, क्रिकेट आदि अन्य प्रतियोगिताओ का भी आयोजन किया गया। इस अभियान में जीसस क्राइस्ट स्कूल, त्रिपुरा शंकर पब्लिक स्कूल, रोज पेटल हायर सेकेंडरी स्कूल, वेदांता पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त अभियान में आईईसी टीम, स्कूल के कर्मचारी, छात्र, छात्रायें एवं नागरिकगण शामिल रहें।

## 4 स्कूल बसे जप्त, एक का परमिट किया गया निलंबित



**रीवा।** परिवहन विभाग द्वारा लगातार स्कूल वाहनों की जांच की जा रही है।आज की जांच के दौरान जे एन सि टी कालेज,वनस्थली स्कूल,नर्मदा पब्लिक स्कूल,बांधव पब्लिक स्कूल ,भास्कर पब्लिक स्कूल चिरहुला पर जाकर परिवहन विभाग ने कार्यवाही की। कार्यवाही में जे एन सि टी और उसी परिषर में स्थित वनस्थली विद्यालय में तीन वाहनों पर कार्यवाही की गई। इन वाहनो में एक का बीमा समाप्त पाया गया और एक वाहन के दस्तावेज नहीं पाये गये तीसरे वाहन पर कैमरे सही काम करते हुए नहीं मिले जिन्हें जप्त कर विद्यालय परिषर में ही विद्यालय की सुपुर्दगी में ही सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।इसके अलावा बांधव पब्लिक स्कूल मे परिवहन विभाग के द्वारा जून माह में ही पूर्व से चार वाहन जप्त किए गए थे और विद्यालय प्रबंधन को समझाइस दी गई थी कि जल्द ही अपने वाहनों के सभी दस्तावेज सही करा ले किंतु आज मौके पर जाकर विद्यालय में फिर से जांच की गई तो वाहनों के दस्तावेज आज भी सही नहीं पाये गये।जिसके लिये इन वाहनों पर जानकारी छुपाने के लिए तीन वाहनों के चालान भी बनाये गये।इसके अलावा नर्मदा पब्लिक और भास्कर पब्लिक पर जाकर दो वाहन जप्त किए गए और एक एक वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की गई।परिवहन विभाग द्वारा पिछले माह 23 मई से ही स्कूल बसों पर जांच कर चालानी कार्यवाही के साथ जप्ती भी की जा रही है और अगर जल्द ही इन स्कूलों के द्वारा अपने वाहनों के दस्तावेज सही नहीं कराये गये तो इन विद्यालयों की मान्यता समाप्त करने के लिए ज़िला कलेक्टर को पत्र भी लिखा जाएगा और वाहन पर सामान्य यात्री बसों का मोटरयान की चार गुणा शास्ति भी अधिरोपित की जाएगी। ज्ञात हो कि स्कूल बसों पर मध्यप्रदेश शासन ने मोटरयान कर पर सबसे ज़्यादा छूट प्रदाय की है।इन बसों पर एक रुपया पर सीट पर महीने का टैक्स लिया जाता है जिनका पूरे एक साल का मिलाकर 12 रुपये पर सीट होता है । इसके बावजूद भी स्कूल प्रबंधन अपने वाहनों के दस्तावेज सही कराकर नहीं रखते और स्कूल में बच्चों का परिवहन करते है।परिवहन विभाग के द्वारा इस अभियान के दरमियान अभी तक 27 स्कूल बसों पर चलानी कार्यवाही की जा चुकी है और 24 स्कूल बसे जप्त की जा चुकी है।यह कार्यवाही कलेक्टर रीवा के आदेशानुसार परिवहन विभाग द्वारा की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833